RNI NO: UPHIN/2023/89251

वर्ष : 02
अंक : 330
शुक्रवार 06 नवंबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत



पेज-2 दो गांवों में धान की क्रॉप कटिंग, डूमर...

पेज-3 घूरपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक....

पेज-4 पुलिस उपायुक्त यमुनानगर द्वारा पुलिस कार्यालय...

मंगला शक्ति
MANGALA SHAKTI
पशु आहार

SHYAM FOODS, Ramkola (Kushinagar)
Manufactured & Marketed By:

आप सभी को
धनतेरस, दीपावली एवं छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं!

Mob.7905054606, web: www.mangalashakti.com

SHYAM FOODS, Ramkola (Kushinagar)
Ward No. 12, Near Saraswati Inter College, Kaptanganj Road, Ramkola (Kushinagar)

दो गांवों में धान की क्रॉप कटिंग, डूमर भार में 62 तो साड़ी बुजुर्ग में 56 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मिली उपज

शिवाकांत पाण्डेय

(कुशीनगर)। खरीफ फसल के तहत धान की वास्तविक उत्पादकता का आकलन करने के लिए पडरौना तहसील क्षेत्र के ग्राम साड़ी बुजुर्ग और डूमर भार में क्रॉप कटिंग कराई गई। उपजिलाधिकारी पडरौना विवेक मिश्रा की देखरेख में कराई गई क्रॉप कटिंग में दोनों गांवों में धान की अच्छी पैदावार सामने आई । ग्राम साड़ी बुजुर्ग में कृषक नगीना पुत्र केदार के खेत में गाटा संख्या 287, रकबा 0.388 हेक्टेयर में क्रॉप कटिंग की गई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यहां एक डिसमिल में 24.400 किलोग्राम धान की उपज दर्ज की गई, जिसके आधार पर प्रति हेक्टेयर उत्पादन लगभग 56 क्विंटल आंका गया।



वहीं ग्राम डूमर भार, तप्पा साड़ी में ऋहर एप के माध्यम से गाटा संख्या 942, रकबा 0.122 हेक्टेयर में सांभा धान की क्रॉप कटिंग कराई गई। इसमें प्रति हेक्टेयर लगभग 62 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जो औसत उत्पादन से काफी बेहतर रहा। उपजिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से आंकड़े दर्ज कराने पर जोर दिया। बेहतर पैदावार करने वाले कृषकों कुंजबिहारी आदि को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े फसलों की वास्तविक उत्पादकता निर्धारित करने के साथ ही फसल बीमा योजना के तहत महत्वपूर्ण आधार बनते हैं। ऋहर एप के माध्यम से डिजिटल रिकॉर्डिंग से पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जा रहा है। इस अवसर पर अरड मनोज मिश्रा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक अशोक सिंह, लेखपाल विनोद कुमार सिंह, फसल बीमा प्रतिनिधि आकाश यादव, कृषक संतोष कुमार, कुंजबिहारी, अलाउद्दीन, बिट्टू चौधरी, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के बाद तहसील परिसर में फिर धमकी, समझौते का दबाव बनाकर बोले - अंजाम अच्छा नहीं होगा

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

कौरांव, प्रयागराज। अधिवक्ता प्रशांत पाण्डेय पर अट्ठाईस अक्टूबर की रात हुई फायरिंग के बाद आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पांच नवंबर को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे तहसील कौरांव स्थित बार कार्यालय के पास आरोपियों ने उसे रोक लिया और समझौता न करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित प्रशांत पाण्डेय निवासी ग्राम पथरताल ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने कार्य से लौट रहे थे, तभी अट्ठाईस अक्टूबर की घटना के आरोपी वहां आ गए। आरोपियों ने कहा कि मु.अ.सं. चार सौ तेरह छब्बीस में सुलह-समझौता कर लो, नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। प्रशांत पाण्डेय ने तत्काल थाना प्रभारी, पुलिस आयुक्त और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर सूचना दी। सूचना पर एक सौ बारह नंबर पुलिस मौके पर पहुंची,



लेकिन पुलिस के सामने ही साथी अधिवक्ता सूरज कुमार के फोन पर भी आरोपी ने धमकी दे दी। गौरतलब है कि अट्ठाईस अक्टूबर की रात करीब दस बजे प्रशांत पाण्डेय अपने भाई अतुल और चचेरे भाई विनोद के साथ रामलीला देखने जा रहे थे, तभी घात लगाकर बैठे सुनील कुमार मिश्र, पंकज कुमार मिश्र और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर दो बार फायरिंग कर दी। गोली उनके बाएं हाथ में लगी, उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया, वहां तीन दिन उपचार चला। इस मामले में कौरांव थाने में तीस अक्टूबर को एफआईआर नंबर चार सौ तेरह दर्ज हुई है। इसमें बीएनएस की धारा एक सौ नौ एक, तीन सौ बावन और तीन सौ इक्यावन दो लगाई गई है। पीड़ित का आरोप है कि राजनीतिक रंजिश के चलते आरोपी उनसे पंद्रह दिन पहले से ही रंजिश मान रहे थे। पीड़ित ने कहा कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनकी जान को खतरा है। उन्होंने गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

निमार्णाधीन सड़कों और बाईपास के कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम

राम-जानकी मार्ग और देवरिया बाईपास सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निमार्णाधीन सड़कों, रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें एनएच, लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने राम-जानकी मार्ग, देवरिया बाईपास, तमकुहीराज-मझौलीराज-नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग तथा सलेमपुर बाईपास के निर्माण की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और



निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी समस्याओं और विभागीय बाधाओं का प्राथमिकता से समाधान कराएं। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और अगली बैठक से पहले अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी भी की जाए। बैठक में सीडीओ राजेश कुमार सिंह, एडीएम पंकज प्रकाश राठौर सहित एनएच, पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

घूरपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक, शांति की अपील

त्योहारों पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर जोर, पटाखा दुकानदारों को मानकों के पालन की हिदायत

घूरपुर, प्रयागराज। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए घूरपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों और पटाखा दुकानदारों से त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता घूरपुर थानाध्यक्ष हरकेश सिंह ने की। उन्होंने कहा कि भाई दूज, यम द्वितीया मेला, छठ पूजा और अन्य त्योहारों पर भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस हर जगह मौजूद रहेगी, लेकिन शांति बनाए रखने में जनता का सहयोग सबसे जरूरी है। बैठक में पटाखा दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। बिना लाइसेंस दुकान लगाने वालों के खिलाफ कड़ी



कार्रवाई की जाएगी। दुकानों में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की व्यवस्था होना अनिवार्य है। भीड़भाड़ वाले इलाकों, अस्पताल, स्कूल और पेट्रोल पंप के पास पटाखा दुकान नहीं लगाई जाएगी। खुले में पटाखे नहीं बेचे जाएंगे और रात में निर्धारित समय के बाद बिक्री नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुकान में एक साथ अधिक पटाखा भंडारण करने पर भी रोक रहेगी। दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे बच्चों को खतरनाक पटाखे न बेचें और बिक्री के समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। पीस कमेटी के सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। सदस्यों ने कहा कि यम द्वितीया मेले में यातायात और पार्किंग की व्यवस्था पहले से ठीक की जाए। छठ घाटों पर साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था हो। पूजा स्थलों के पास पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए। पुलिस ने सभी सुझावों पर अमल का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें। अंत में थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार खुशियों का मौका है, इसे शांति से मनाएं। पुलिस प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है।

त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहें अधिकारी : डीएम

पीस कमेटी की बैठक में डीएम-एसपी ने की आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील



विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। आगामी धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

डीएम और एसपी ने कहा कि सभी त्योहार प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हैं। ऐसे में सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। पटाखों की दुकानों को सड़कों से दूर निर्धारित स्थलों पर लगाने तथा अग्नि सुरक्षा के मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराने को कहा गया। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को छठ घाटों पर साफ-सफाई और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज प्रकाश राठौर, सीएमओ, एएसपी, एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

साइबर हेल्प डेस्क ने दो पीड़ितों के वापस कराए 45880 रुपए

विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। साइबर ठगी के शिकार लोगों को राहत दिलाने के लिए देवरिया पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना रामपुर कारखाना की साइबर हेल्प डेस्क ने दो पीड़ितों की कुल 45,880 रुपये की धनराशि वापस कराने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में पांच नवंबर को एमआरएम पोर्टल के माध्यम से यह कार्रवाई की गई। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी उस्मान शेख के 41,500 रुपये तथा शामीपट्टी निवासी असीम शेख के 4,380 रुपये साइबर ठगी के जरिए निकाल लिए गए थे। पीड़ितों की शिकायत मिलने के बाद साइबर



हेल्प डेस्क ने संबंधित बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर जांच की और पूरी धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अश्वनी प्रधान, कांस्टेबल दिव्यांशु सिंह और रविशंकर गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। देवरिया पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें और । पर शिकायत दर्ज कराएं। समय से शिकायत करने पर ठगी की रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

पुलिस उपायुक्त यमुनानगर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गई

हर प्रकरण में समयबद्ध व प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर द्वारा आज दिनांक 05.11.2026 को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे फरियादियों से बारी-बारी से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा उनकी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया।पुलिस उपायुक्त द्वारा फरियादियों की शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर उनका समयबद्ध व प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस उपायुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

यातायात माह के अंतर्गत यातायात पुलिस ने सिविल डिफेन्स, एंटी क्राइम एंटी करप्शन टीम एवं NSS के छात्र-छात्राओं के साथ निकाली जागरूकता रैली

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। पुलिस आयुक्त प्रयागराज पीयूष मोदिया के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस आयुक्त यातायात, कमिश्नरेट प्रयागराज अजय पाल शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण एवं पुलिस उपायुक्त यातायात व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मनाए जा रहे यातायात माह-नवम्बर 2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उनमें कमी लाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट प्रयागराज की यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में दैनिक कार्यक्रम के अनुसार आज यातायात पुलिस द्वारा सिविल डिफेन्स प्रयागराज की टीम के सहयोग से टेम्पो, टैक्सी एवं ई-रिक्शा चालकों के साथ बैंक रोड से बालसन तथा बालसन से मेडिकल चौराहे तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने के प्रति जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ किया। इस दौरान सिविल डिफेन्स के वार्डनों ने पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से आमजन को वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें का संदेश दिया।इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस एवं एंटी क्राइम एंटी करप्शन टीम के सहयोग से सी.एम.पी. कॉलेज के लगभग 387 ठरर स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरूकता कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर राजेश यादव, राम चिरंजीव, सपना मौर्य, सुमन, अंशु, विमल व श्याम देव सहित मीडिया बंधु व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

कर्मों का बिल कभी कैंसिल नहीं होता, चुकाना ही पड़ता है - समाजसेवी अर्जुन सिंह के सुविचारों ने लोगों को किया प्रेरित



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

बारा, प्रयागराज। प्रयागराज यमुनानगर तहसील बारा अंतर्गत थाना कौंधियारा क्षेत्र स्थित ग्राम सभा जारी निवासी युवा समाजसेवी कुंवर अर्जुन सिंह ने जनसाधारण के बीच अपने सुविचार लेखनी के माध्यम से साझा किया। उनके विचारों ने लोगों को कर्म, ईमानदारी और सादगी पर सोचने को मजबूर कर दिया। अर्जुन सिंह ने कहा कि इस दुनिया में कुछ भी मुफ्त नहीं मिलता। हर चीज की एक कीमत होती है, जो हर किसी को चुकानी पड़ती है। जैसे किसी आलीशान होटल में बैठकर लजीज खाने का आनंद लेने के बाद बिल चुकाना पड़ता है, ठीक वैसे ही कर्मों का बिल भी चुकाना पड़ता है। होटल के बिल में डिस्काउंट मिल सकता है, लेकिन कर्मों का फल भोगने में कोई रियायत नहीं है। आज जो समय, ऊर्जा और साधन बिना सोचे-समझे बर्बाद किए जा रहे हैं, उसका बिल भी जरूर सामने आएगा। मनुष्य के खाते में हर कर्म दर्ज रहता है, कुछ भी माफ नहीं होता। अच्छे कर्मों का फल सुकून, सम्मान और खुशियों के रूप में मिलता है और बुरे कर्मों का बिल पछतावे, दर्द और दुखों के रूप में चुकाना पड़ता है। याद रहे, कर्मों का बिल पेंडिंग रह सकता है, लेकिन कैंसिल कभी नहीं होता। अर्जुन सिंह ने कहा कि चालाकी करनी या ईमानदारी, यह मनुष्य के संस्कारों पर निर्भर करता है। चालाकी चार दिन चमकती है, ईमानदारी जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी साथ देती है। उन्होंने कहा कि तजुर्बे से बड़ा कोई विश्वविद्यालय नहीं, मुसीबत से बड़ा कोई इम्तिहान नहीं और वक्त से बड़ा कोई उस्ताद नहीं। सादगी पर उन्होंने कहा कि सादगी होनी चाहिए, सुंदरता हो न हो, महक होनी चाहिए, खुशबू हो न हो, भावना होनी चाहिए, रिश्ता हो न हो, बात होनी चाहिए, मुलाकात हो न हो। यूं तो उलझे हैं सभी अपनी-अपनी उलझनों में, सुलझाने की कोशिश हमेशा होनी चाहिए। ग्रामीणों ने बहुत सराहना की।

भरोसे पर ली 2000 ईंट, 12,800 रुपये डकार गए दो युवक - भट्ठा व्यापारी ने घूरपुर थाने में दी तहरीर

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम





घूरपुर, प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोंगी निवासी ईंट भट्ठा व्यापारी अनिल कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर दो युवकों पर ईंट का पैसा गमन करने का आरोप लगाया है। प्रार्थी अनिल कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय राममिलन सिंह, निवासी ग्राम बोंगी, थाना घूरपुर ने बताया कि वह लंबे समय से ईंट भट्ठा का व्यापार करते हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार चार नवंबर को उनके भट्टे से दो हजार ईंट प्रथम श्रेणी की चिल्ला गौहानी निवासी प्रियांशू मिश्र पुत्र रत्नेश मिश्र और उसका दोस्त संजीव हरिजन निवासी बगबना दोनों मिलकर ले गए। आरोप है कि दोनों ने मिलकर ईंट के बारह हजार आठ सौ रुपये गमन कर लिए। पीड़ित का आरोप है कि जब प्रियांशू मिश्रा से पैसा मांगा गया तो उसने बताया कि पैसा अपने दोस्त को दे दिया था। इसके बाद तय पैसा देने से दोनों इंकार कर रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि उसने कई बार दोनों से संपर्क किया और पैसा मांगा, लेकिन हर बार टालमटोल किया गया। कभी कहा गया कि कल देंगे तो कभी कहा गया कि परसों देंगे, लेकिन आज तक पैसा नहीं मिला। इससे पीड़ित को आर्थिक नुकसान हुआ है और व्यापार में भी परेशानी हो रही है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष घूरपुर से निवेदन किया है कि उसका बारह हजार आठ सौ रुपये दिलवाया जाए और दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पीड़ित ने कहा कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपियों के हौसले और बढ़ जाएंगे और अन्य व्यापारियों के साथ भी इसी तरह की ठगी हो सकती है। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर चर्चा है। लोगों का कहना है कि भरोसे पर दिया गया सामान का पैसा न देना विश्वासघात है। पुलिस से मांग की गई है कि मामले की जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए और पैसा वापस कराया जाए।

संक्षिप्त समाचार

बैंक खाते से 44,789 रुपये की साइबर ठगी

सरोजनीनगर। बंथरा क्षेत्र निवासी सूरज कुमार के पंजाब नेशनल बैंक खाते से साइबर ठगों ने कथित तौर पर पांच अलग-अलग लेनदेन के जरिए 44,789 रुपये निकाल लिए। पीड़ित के मुताबिक 22 अक्टूबर की रात करीब 8 :30 बजे उसके खाते से बिना अनुमति के रकम निकाल ली गई। खाते से रुपये कटने की जानकारी होने पर उसने बैंक संबंधी विवरण और लेनदेन के साक्ष्यों के साथ 23 अक्टूबर को बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है।

वीडियो बनाने से मना करने पर युवक को धमकी

सरोजनीनगर। राहगीरों की बिना अनुमति वीडियो बनाने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। गांधीनगर तेलीबाग निवासी मनीष कुमार ने आनंद यादव निवासी भदरूख, आशियाना पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मनीष के मुताबिक आनंद अक्सर चौराहे पर खड़े होकर आने-जाने वाले लोगों के वीडियो बनाता रहता था। इस पर उन्होंने उसे ऐसा करने से मना किया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर दो अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे पराग चौराहे से चुंगी की ओर जाते समय शनि देव मंदिर के पास आनंद ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दिनदहाड़े बंद मकान से लाखों के जेवर स्मार्ट टीवी चोरी

सरोजनीनगर। बिजनौर थाना क्षेत्र की न्यू डिफेंस कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े एक मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और स्मार्ट टीवी चोरी कर लिया। पीड़ित शैलेश कुमार के मुताबिक मंगलवार सुबह वह अपनी छोटी बेटी के साथ चारबाग स्थित कार्यालय चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी संगीता देवी और बड़ी बेटी मौजूद थीं। सुबह करीब 11 बजे दोनों दवा लेने ऐशबाग चली गईं। दोपहर करीब दो बजे घर लौटीं तो दरवाजे का आधा हिस्सा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो लोहे की अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और स्मार्ट टीवी गायब थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बिजनौर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरी गए आभूषणों की सूची बाद में देने की बात कही गई है।

दिनदहाड़े मकान से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गए। वहीं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आशियाना थाना क्षेत्र के रश्मि खंड, शारदा नगर योजना निवासी हिमांशु पांडेय पुत्र डॉ. रश्मि कांत पांडेय ने बताया कि दोपहर करीब 12 :30 बजे उनकी बाइक घर के अंदर खड़ी थी। तभी कोई अज्ञात युवक चुपके से घर का गेट खोलकर अंदर घुसा और बाइक चोरी कर फरार हो गया। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में लिखित शिकायत की है। वहीं पीड़ित का कहना था कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। कैमरे का समय वास्तविक समय से 56 मिनट पीछे है। फुटेज में चोरी करने वाले युवक का चेहरा, हुलिया, कपड़े और बाइक लेकर जाते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी गजेंद्र राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

खाताधारक के खाते से निकले 1.74 लाख रुपये

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1,74,900 रुपये निकाल लिए गये। वहीं पीड़ित खाताधारक ने दो युवकों पर धोखाधड़ी कर खाते से पैसे निकासी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार आशियाना थाना क्षेत्र के शारदा नगर रुचि खंड प्रथम में रहने वाले योगेंद्र राय के अनुसार उनका बैंक खाता आशियाना थाना क्षेत्र के रजनी खंड स्थित इंडियन बैंक ब्रांच में है। गत 27 अक्टूबर की रात 98 हजार रुपये और 28 अक्टूबर को 76,900 रुपये (1,74,900 रुपये) उनके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिए गए। इसकी जानकारी उन्हें मैसेज आने पर हुई। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की और बैंक ब्रांच जाकर जानकारी जुटायी। जहां जानकारी हुई कि अमित कुमार पंडित और रंजन कुमार साह के द्वारा पैसे की निकासी की गयी है। इसके चलते स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी गजेंद्र राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मामा-भांजे ने साथियों संग चाय दुकानदार को पीटा

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार पुल पर चाय की दुकान लगाने वाले दुकानदार की मामा-भांजे ने साथियों संग कुर्सी देने पर मना करने पर जमकर पिटाई की। हंगामा होने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-आई एलडीए कॉलोनी निवासी अभिषेक शुक्ला पुत्र राम प्रकाश शुक्ला के अनुसार इनकी बंगला बाजार पुल पर चाय की दुकान है। आरोप है कि मंगलवार की रात करीब 11 बजे वह दुकान बंद कर रहा था। इस दौरान अंकित नामक युवक दुकान से कुर्सी लेकर जाने लगा। जब उसने कुर्सी देने से मना करते हुए कहा कि कुर्सी पर शराब न पियो। इसी बात पर अंकित, इसके भांजे व अन्य अज्ञात ने मारना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बचाया। लेकिन उक्त आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। इसके बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने में अंकित व उसके भांजे सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ लिखित नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी गजेन्द्र राय ने बताया कि पीड़ित चाय दुकानदार की तहरीर पर गाली-गलौज मारपीट धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शादी समारोह से 15 वर्षीय किशोरी लापता

लखनऊ। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने आई एक 15 वर्षीय किशोरी के लापता हो गई। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के आजाद नगर नट बस्ती नटखेड़ा में रहने वाली सुरहिया पत्नी महिपाल के अनुसार सुबह करीब 10 बजे परिवार के साथ भाई दीपू निवासी प्रति डेयरी वाली गली नटखेड़ा की बेटी की शादी में गई थी। शादी के दौरान रात करीब 11 बजे उनकी 15 वर्षीय बेटी कस्तूरी परिवार को बिना बताए कहीं चली गई। जिसकी खोजबीन के बाद उन्होंने कृष्णानगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि लापता किशोरी की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।


केजीएमयू के 100 से अधिक डॉक्टरों और मौलानाओं के कथित नेटवर्क का खुलासा

13 डॉक्टरों समेत 25 की भूमिका संदेह के घेरे में, कई अन्य संस्थान में कर रहे जॉब

- आगरा, एटा, बस्ती, बरेली और देवबंद तक संपर्क होने का दावा इस्लामिक मेडिकोज ग्रुप में होती थी बातचीत

■ लखनऊ

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल कर कन्वर्जन में डॉ.रमीज ही नहीं बल्कि केजीएमयू से पूरा नेटवर्क चल रहा था। इस नेटवर्क के कई मौलानाओं से संपर्क होने का दावा किया गया है। एसटीएफ की जांच में 13 डॉक्टरों समेत 25 लोगों की भूमिका के बारे में उल्लेख किया गया है। इनमें कई डॉक्टर केजीएमयू छोड़ अन्य मेडिकल कॉलेज में जॉब कर रहे हैं। एसटीएफ ने केजीएमयू के अलग-अलग विभागों से जुड़े मामलों, महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों की शिकायतों तथा संस्थान स्तर पर उन पर हुई कार्रवाई की भी पड़ताल की।



जकात से हर माह जुटाई जाती थी दस लाख रकम

जांच में जकात के नाम पर हर महीने करीब दस लाख रुपये जुटाए जाने की बात भी सामने आयी है। एसटीएफ अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह रकम कहां से आती थी? किसके पास पहुंचती थी? और इसका इस्तेमाल किन कार्यों में किया जाता था? इसके लिए बैंक खातों और संदिग्ध लेनदेन की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में इस कथित नेटवर्क से 100 से अधिक डॉक्टरों और मौलानाओं के जुड़े होने का दावा भी सामने आया है।

केजीएमयू के डॉक्टर रमीज के खिलाफ गंभीर खुलासे

लखनऊ। डॉ. रमीज पर युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनका शोषण करने, अश्लील वीडियो और तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करने तथा कन्वर्जन का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। जांच में अब तक सात-आठ युवतियों की शादी तुड़वाने और कई महिलाओं के शोषण की बात सामने आई है। आरोप है कि वर्ष 2021 में आगरा में मेडिकल की पढ़ाई के दौरान डॉ. रमीज ने एक हिंदू छात्रा से संबंध बनाए और बाद में उसे ब्लैकमेल किया। वर्ष 2023 में उसे लिव-इन में रखने के दौरान भी कन्वर्जन का दबाव बनाने की बात सामने आई है। जांच में उसके लैपटॉप से करीब 4 हजार जीबी डेटा और 500 से अधिक अश्लील वीडियो मिलने का दावा किया गया है। मामले में रमीज के पिता सलीमुद्दीन पर भी कन्वर्जन के आरोप लगाए गए हैं।

एसटीएफ की जांच में डॉ. रिजवान मलिक का नाम भी सामने आया है, जिसे डॉ. रमीज का करीबी बताया गया है। वह एटा मेडिकल कॉलेज में करीब पांच वर्ष तक तैनात रहा। एसटीएफ ने डॉ. रमीज, डॉ. रिजवान मलिक और अदनान अंसारी समेत अन्य लोगों के बीच संपर्कों की पड़ताल की है। लखनऊ के अलावा आगरा, एटा, बस्ती, बरेली और देवबंद तक संपर्क होने की बात भी जांच में सामने आई है। एसटीएफ को जांच के दौरान 'इस्लामिक मेडिकोज' नामक व्हाट्सएप ग्रुप का उल्लेख किया है। ग्रुप में मेडिकल से जुड़े कई लोग शामिल है।

रिपोर्ट में किताबों और पत्रिकाओं के माध्यम से पुराने और नए मेडिकल छात्रों के बीच संपर्क बढ़ाने का भी उल्लेख है।

20 से 24 फरवरी तक एक्सपो मार्ट में होगा एलेक्रेमा-2026

भारत की इलेक्ट्रिकल और पावर इंडस्ट्री के लिए बनेगा माहौल

■ लखनऊ

इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) लखनऊ में ईएलईसीआरएएमए-2027 (एलेक्रेमा) का प्रीव्यू करने जा रहा है। इसमें क्षेत्रीय स्टेकहोल्डर एक साथ आकर इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी नवाचार और विकसित होते पावर सेक्टर में हुई प्रगति पर चर्चा करेंगे। यह पहल आईईईएमए के प्रमुख कार्यक्रम से पहले किए जा रहे प्रयासों की दिशा में एक और कदम है, जिसका उद्देश्य वैश्विक विद्युत और ऊर्जा क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

पत्रकार वार्ता में प्रेसिडेंट (इलेक्ट) हरटेक सिंह ने बताया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो है और इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम का सबसे प्रमुख मिलन स्थल है। जैसे-जैसे भारत अपने पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है और एनर्जी ट्रांजिशन की



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हरटेक सिंह व इम्तियाज सिद्दीकी

दिशा में आगे बढ़ रहा है। आईईईएमए एलेक्रेमा-2027 की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। यह 20 से 24 फरवरी तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा। इसमें 1,100 से अधिक एग्जीबिटर्स शामिल होंगे। चेयरमैन-उत्तरी क्षेत्र इम्तियाज सिद्दीकी ने बताया कि भारत के इलेक्ट्रिकल और पावर सेक्टर में उत्तरी क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है, जिसे मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों से बढ़ावा मिल रहा है। जर्मनी के पार्टनर देश के रूप में शामिल होने से बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयाम मिलता है, जो भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता को वैश्विक बाजारों और उभरते अवसरों से जोड़ता है।



हिंदी माह के विजेताओं को सम्मानित करते अंचल प्रबंधक।

सर्वश्रेष्ट राजभाषा कार्य निष्पादन करने वाले मंडल सम्मानित

लखनऊ। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय में अंचल प्रबंधक पंकज आनंद की अध्यक्षता में राजभाषा समीक्षा बैठक हुई। इसमें अंचल के राजभाषा अधिकारियों की अर्धवार्षिक प्रगति समीक्षा की गई। पंकज आनंद के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या हुई। इस दौरान उप अंचल प्रबंधक सैयद अतहर हुसैन काजमी एवं विराज डोगरा, मंडल प्रमुख सुजीत नेगी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान वित्त वर्ष (2025-26) में सर्वश्रेष्ट राजभाषा कार्य निष्पादन करने वाले मंडलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हिंदी माह में स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांस्कृतिक संध्या में अंचल प्रबंधक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने स्वरचित कविता पाठ किया। गीतगायन कर सभी स्टाफ सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहायक प्रबंधक मनीष जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

त्योहारों से पहले नगर निगम का महा सफाई अभियान शुरू

लखनऊ। त्योहारों के मद्देनजर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम ने सभी आठ जोनों में तीन दिवसीय विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। बुधवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर मंदिरों, धार्मिक स्थलों, बाजारों, प्रमुख मार्गों और छठ पूजा स्थलों पर विशेष सफाई कराई गई। भियान के तहत नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, सीएंडडी वेस्ट और हॉर्टिकल्चर वेस्ट हटाने के साथ पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई।

सरोजनी नगर के छठ पूजा स्थलों और प्रमुख घाटों पर भी सफाई कराई गई। वहीं, कपूरथला, छन्नी लाल चौराहा और जानकीपुरम विस्तार से करीब छह डंपर और 15 ट्रॉली हरित कचरा हटाया गया। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को सफाई कार्यों की निगरानी और समय से कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

युवाओं को खेल से जोड़ने पर बनी रणनीति

जिलों में टेनिकॉइट को बढ़ावा देने की तैयारी

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में टेनिकॉइट खेल के विस्तार और जिला स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने को लेकर टेनिकॉइट फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश टेनिकॉइट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान अधिक से अधिक युवाओं को इस खेल से जोड़ने, जिला स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियां मजबूत करने और प्रदेश भर में टेनिकॉइट के प्रचार-प्रसार को गति देने पर चर्चा हुई।

इस दौरान टेनिकॉइट फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एमआर दिनेश कुमार, एसपी गौड़ और विजेंदर मौजूद रहे। सिकंदर विलियम, मोहम्मद नदीम और परवेज आलम खान ने भी भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के चेयरमैन सय्यद रफत जुबैर रिजवी से मुलाकात की।



चेयरमैन सय्यद रफत जुबैर रिजवी से मुलाकात करते फेडरेशन के अधिकारी

बैठक में प्रदेश के कई जिलों में टेनिकॉइट की पहुंच बढ़ाने, नए खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराने और खेल गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। पदाधिकारियों ने खेल के विकास के लिए आपसी समन्वय और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

चेयरमैन सय्यद रफत जुबैर रिजवी ने कहा कि संगठन पूरे उत्तर प्रदेश में टेनिकॉइट को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रदेश में टेनिकॉइट के संगठनात्मक विस्तार और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति बनी।

कैंसर मरीजों को मिलेंगी 850 प्रोटीन किट

- केएसएसएससीआई और दक्षायणी एंड अमरावती हेल्थ एंड एजुकेशन के बीच एमओयू

■ लखनऊ

कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान (केएसएसएससीआई) में हेड एंड नेक कैंसर के मरीजों को कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के माध्यम पोषण सहायता देने को गति दी जा रही है।

इसके लिए केएसएसएससीआई और गुरुग्राम की दक्षायणी एंड अमरावती हेल्थ एंड एजुकेशन के बीच पूर्व में हुए एमओयू का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत मरीजों को अब 850 प्रोटीन सप्लीमेंट किट के साथ ही प्रत्येक मरीज को एक-एक किलोग्राम दाल और खाद्य तेल भी निःशुल्क दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय और कार्यकारी कुलसचिव डॉ. आयुष लोहिया मौजूद रहे। संस्था की ओर से पंकज बोकेन और प्रांशु कुशवाहा ने सहभागिता की। निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट औ संस्था की ओर से शांतनु सतपथी ने एमओयू विस्तार पर हस्ताक्षर किए। इससे पूर्व में मरीजों को संस्था की ओर से 960 प्रोटीन सप्लीमेंट किट वितरित की गई थी। इनमें 2700 यूनिट प्रोटीन शामिल थी। इसके अलावा मरीजों को स्वच्छता सामग्री, माउथवॉश और औषधीय किट भी दी जा रही थी।

हेड एंड नेक कैंसर के मरीजो को उपचार के बाद फॉलोअप की अवधि में पर्याप्त प्रोटीन और पोषण की जरूरत होती है। इलाज के दौरान कई मरीज पोषण की समस्याओं से जूझते हैं। ऐसे में प्रोटीन किट के साथ दाल और खाद्य तेल उपलब्ध कराने की पहल पोषण स्तर को बनाए रखने में मददगार साबित होगी।



दक्षायणी एंड अमरावती हेल्थ एंड एजुकेशन अधिकारियों के साथ एमओयू करते निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट।

जनगणना प्रशिक्षण में फिसड्डी रहा शिक्षा विभाग 234 कर्मचारी अनुपस्थित

लखनऊ। जनगणना प्रशिक्षण में कर्मचारियों की लगातार अनुपस्थिति पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार को भी 43 विभागों के 1018 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों में शिक्षा विभाग के 234, लोक निर्माण विभाग के 93, माध्यमिक शिक्षा विभाग के 81, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 81 और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के 80 कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा नगर निगम, उद्यान, वन, सिंचाई और अन्य विभागों के कर्मचारी भी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे। नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी को पत्र भेजकर जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत अनुपस्थित कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है।

जुड़वा बेटी पैदा होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

- पति समेत अन्य ससुरालीजन पर एफआईआर दर्ज

■ लखनऊ

आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति व अन्य ससुरालियों पर जुड़वा बेटियां पैदा होने पर प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में तहरीर मिलने पर पुलिस ने पति समेत अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

आलमबाग कोतवाली इलाके के प्रेमवती नगर गढ़ी कनौरा निवासिनी आलिया पुत्री शमशाद पत्नी मोहम्मद सलमान ने पुलिस से शिकायत की कि उसके विवाह के बाद जुड़वा बच्चियां पैदा होने पर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। बेसहारा छोड़कर बिजली तक कटवा दी थी। इसका मुकदमा पहले से चल रहा है। आरोप है कि गत 12 अगस्त बुधवार को ससुर रिजवान, पति सलमान, देवर फरमान, देवरानी एक राय होकर उसके घर आए और गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पति, सास राजदा और देवर फरमान ने बुरी तरह से मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। ससुर ने उकसाने पर पति व अन्य लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। इसमें पीड़िता के गले व शरीर के अन्य अंगों पर चोट के निशान मिले। कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच के बाद पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।

अपनी ताकत परखने के लिए 12 नवंबर को रामपुर करछना में जुटेंगे समर्थक : सक्षम करवरिया

बोले- यमुनापार की धरती मेरा परिवार, अराजनैतिक सभा में होगा आत्ममंथन और सीधा संवाद

इंडिपेंडेंट भारत
कौंधियारा/प्रयागराज आशीष तिवारी



प्रयागराज। पूर्व विधायक इं. उदयभान करवरिया के पुत्र सक्षम करवरिया ने गुरुवार को कौंधियारा स्थित जेपी पैलेस में समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ संवाद कर 12 नवंबर को रामपुर करछना में आयोजित अराजनैतिक सभा को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मध्याह्न 11 बजे सेंट जॉन्स एकेडमी के सामने होने वाली यह सभा किसी के विरोध या समर्थन में नहीं, बल्कि अपनी वास्तविक ताकत और जनसमर्थन को परखने का अवसर है। समय-समय पर आत्ममंथन करना और अपनों के बीच आमने-सामने संवाद करना जरूरी है। सक्षम करवरिया ने कहा कि उनके पिता उदयभान करवरिया हमेशा जनता की आवाज बुलंद करते रहे हैं। ऐसे में यह जानना भी जरूरी है कि उनके साथ कितनी बड़ी संख्या में लोगों का आशीर्वाद और समर्थन है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि "यमुनापार की धरती मेरा परिवार है और मैं आपका बेटा हूं।" उन्होंने प्रत्येक समर्थक से 12 नवंबर को रामपुर करछना पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया। इस दौरान मौजूद कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में सभा में पहुंचने का भरोसा दिलाया।

पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद में योग विज्ञान विभाग की भव्य प्रस्तुति

राज्यपाल एवं 17 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया योग, अध्यात्म और आधुनिकता के समन्वय का संदेश

इंडिपेंडेंट भारत ब्यूरो प्रयागराज
सुमित द्विवेदी (प्रियांशु)

प्रयागराज। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित ह्यपूर्वांचल स्टार्टअप संवादझ2026ह्ल के अवसर पर योग विज्ञान विभाग की ओर से भव्य योग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर 17 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की महत्ता बढ़ाई। कुलपति एवं विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

योग कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह एवं योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. विवेक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का निर्देशन विभाग के सहायक आचार्य योगी डॉ. मुकेश द्विवेदी ने किया। इस अवसर



पर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. रमण पुरी जी महाराज की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। नवाचार एवं उद्यमिता पर केंद्रित इस आयोजन में योग विज्ञान विभाग की सहभागिता ने भारतीय ज्ञान परंपरा, स्वास्थ्य चेतना और युवा प्रतिभा को एक मंच पर प्रस्तुत किया। योग प्रदर्शन के माध्यम से आधुनिक जीवन में संतुलन, अनुशासन, एकाग्रता और सृजनशीलता के महत्त्व को रेखांकित किया गया।

योग दर्शन और आधुनिक जीवन का समन्वयः प्रस्तुति में योग के व्यापक स्वरूप तथा शरीर, मन, बुद्धि और चेतना के समन्वय को दर्शाया गया। योग दर्शन में वर्णित आत्मानुशासन, चित्त की स्थिरता और समत्व जैसे सिद्धांत आज के गतिशील जीवन में भी प्रासंगिक हैं। ये व्यक्ति को सजगता, विवेक और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

योग के आध्यात्मिक पक्ष में आत्मचिंतन, आंतरिक शांति, करुणा और आत्मबोध का महत्त्व है। वहीं, आधुनिक जीवन में योग तनाव प्रबंधन, एकाग्रता और संतुलित जीवनशैली के लिए उपयोगी अभ्यास के रूप में जाना जाता है। स्टार्टअप और नवाचार के संदर्भ में धैर्य, निरंतर अभ्यास, स्पष्ट चिंतन तथा नैतिक दृष्टिकोण जैसे गुण युवाओं को सृजनशील और उत्तरदायी कार्यसंस्कृति विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। 15 विद्यार्थियों ने किया योग का प्रदर्शन योग विज्ञान विभाग के 15 विद्यार्थियों ने सामूहिक योग प्रस्तुति में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अनुशासन, शारीरिक संतुलन, एकाग्रता और आपसी समन्वय के साथ योग की समृद्ध भारतीय परंपरा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुति में व्यक्तिगत दक्षता के साथ सामूहिक प्रयास और सहयोग की भावना भी दिखाई दी। विद्यार्थियों के प्रदर्शन ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और व्यक्तित्व के समग्र विकास में योग की भूमिका को रेखांकित किया। नियमित अभ्यास, धैर्य और समर्पण का संदेश भी प्रस्तुति के माध्यम से दिया गया।

विद्यार्थियों का रहा सराहनीय योगदान

कार्यक्रम की सफलता में आकाश शुक्ला, सत्यम मिश्रा, शिशिर कुमार मिश्रा, श्रेयांश सिंह, शिखर पटेल, प्रभात रंजन कुमार, अभिषेक पांडेय, छवि मिश्रा, आकांक्षा तिवारी, प्रतिभा सिंह राजपूत, नवीन राय, सौम्या श्रीवास्तव, अमिता यादव, अंकिता शुक्ला, आलोक पांडेय, शिवानी मिश्रा, मनोज मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, संध्या सिंह, आदर्श पांडेय, कोमल यादव, सोनल, आंचल श्रीवास्तव एवं सुश्री शुक्ला का सराहनीय सहयोग रहा।

इस आयोजन ने विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथियों के समक्ष अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। योग विज्ञान विभाग की सहभागिता ने भारतीय दर्शन, आध्यात्मिक मूल्यों और आधुनिक नवाचार चेतना के समन्वय को प्रभावी रूप से अभिव्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

60 हजार के पटाखों के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। दीपावली, धनतेरस और छठ पूजा के मद्देनजर पुलिस अवैध आतिशबाजी की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में मिल एरिया पुलिस ने शिवाजी नगर में छापेमारी कर अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 42 किलोग्राम आतिशबाजी बरामद हुई है, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये बताई जा रही है। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात सूचना मिली कि शिवाजी नगर निवासी अमरजीत उर्फ गोल्डी अपने घर में बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री कर रहा है। सूचना पर मौके पर दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से फैक्ट्री मेड पटाखे, डिब्बा पाप, साच चपई, अनार, छुरछुरिया, पटाखा मिर्ची, माचिस बम और महताब लाइट समेत करीब 42 किलो आतिशबाजी बरामद की।

चोरी के सामान के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

रायबरेली। गदागंज पुलिस ने चोरी की घटना का राजफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की माइक्रो ब्रांड की झटका मशीन, 12 वोल्ट की लिवगार्ड बैटरी और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। गदागंज थाना प्रभारी पवन गौतम ने बताया कि गोविंदपुर माधव निवासी इंद्र कुमार शर्मा ने एक नवंबर को खेत से झटका मशीन और बैटरी चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। बुधवार को लालगंज के पुरवा मार्ग पर पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अविनाश निवासी गोविंदपुर माधव, संदीप कुमार उर्फ छोटू निवासी भटपुरवा मजरे खोदायपुर और सचिन कुमार निवासी पूरे उदऊ मजरे गोविंदपुर माधव के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

एम्स में पार्किंग और ई-लाइब्रेरी पोर्टल का शुभारंभ

रायबरेली। मुंशीगंज स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मंगलवार को आधारभूत सुविधाओं और शैक्षणिक संसाधनों को मजबूत करने की दिशा में दो महत्वपूर्ण पहल की गईं। कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने राम बैरियर के निकट नवनिर्मित संस्थान वाहन पार्किंग का उद्घाटन किया। इससे संस्थान के आधिकारिक वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा करने और परिसर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय लाइब्रेरी की ओर से ई-लाइब्रेरी पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ई-संसाधनों के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित हुआ। पोर्टल के माध्यम से संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को बीएमजे जर्नल्स पर प्रकाशन शुल्क में सौ प्रतिशत छूट के साथ स्कोपस, एम्बेस, अपटूडेट और आईथेंटिकेट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे शोध कार्यों में गुणवत्ता बढ़ाने और साहित्यिक चोरी की पहचान करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण सत्र में बीएमजे, एल्सेवियर, वॉल्टर्स क्लूवर और टर्निटिन के विशेषज्ञों ने डिजिटल संसाधनों, शोध लेखन और साहित्यिक चोरी की पहचान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पद्मश्री डॉ. आरवी रमानी, डीन प्रो. (डॉ.) नीरज कुमारी, डॉ. सौरभ पॉल, डीन (अनुसंधान) डॉ. अर्चना वर्मा, उप-निदेशक (प्रशासन), कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संकाय सदस्य, अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

चार माह से 52 लाख की मजदूरी बकाया, त्योहार पर संकट

महराजगंज, रायबरेली। विकासखंड में मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान न होने से गरीब परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ब्लॉक के करीब 1100 श्रमिकों की 52 लाख रुपये की मजदूरी पिछले चार महीने से बकाया है। वहीं, योजना से जुड़े रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और एपीओ समेत अन्य कर्मचारियों का करीब 18 लाख रुपये का मानदेय भी लंबित है। शासन की ओर से मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम कर दिया गया है, लेकिन भुगतान की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के नजदीक होने के बावजूद मजदूरी नहीं मिलने से श्रमिकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मेहनत करने के बाद भी पारिश्रमिक नहीं मिलने से गरीब परिवार त्योहार की तैयारियां नहीं कर पा रहे हैं। एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने और गरीबों के उत्थान के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर महीनों से भुगतान लंबित रहने से श्रमिकों में नाराजगी है। अब श्रमिकों और कर्मचारियों को प्रशासन से बकाया भुगतान जल्द जारी होने की उम्मीद है। सवाल यह है कि त्योहार से पहले उनके खातों में धनराशि पहुंचेगी या उन्हें खाली हाथ ही त्योहार मनाना पड़ेगा।

मंत्री के काफिले की टक्कर से बाइक सवार घायल

लालगंज (रायबरेली)। कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय के काफिले के एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुधवार को एहार टोल प्लाजा के पास पेट्रोल पंप के सामने हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।



टटियापुर मजरे बसंतपुर कठोइया गांव निवासी शिवम (19) पुत्र रामधनी बाइक से लालगंज की ओर जा रहा था, तभी पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर पहुंचते ही रायबरेली की तरफ से आ रहे मंत्री के काफिले के एक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मंत्री मनोज पांडेय ने काफिला रोकवाया। उन्होंने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो अधेड़ जख्मी

बिजुआ (लखीमपुर खीरी)। भीरा थाना क्षेत्र में बरम बाबा चौराहे के पास मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घायलों की पहचान मैलानी थाना क्षेत्र के नेतराम (55) पुत्र नत्थू और भीरा थाना क्षेत्र के रामालक्षना गांव निवासी कमलचंद (55) पुत्र श्रीपाल के रूप में हुई है।

24.16 लाख रुपए से बने बाल विकास कार्यालय का लोकार्पण

- सदर विधायक अदिति सिंह ने 21 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे नियुक्ति पत्र

■ रायबरेली



बाल विकास परियोजना कार्यालय का लोकार्पण करतीं विधायक अदिति सिंह।

अमावां विकासखंड में बुधवार को सदर विधायक अदिति सिंह ने 24 लाख 16 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित बाल विकास परियोजना कार्यालय का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने अमावां, राही और नगर क्षेत्र की नवचयनित 21 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विधायक ने दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई और दो बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया। वहीं, जिला प्रोबेशन अधिकारी की ओर से 11 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य तथा प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी निभाने में उनका योगदान सराहनीय है।

उन्होंने नवचयनित कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नए कार्यालय के शुरू होने से बाल विकास विभाग की गतिविधियों को और बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह, सीडीपीओ अलका सक्सेना, शिवशरण और मुख्य सेविका संध्या सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

खड़े डंपर में पीछे से भिड़ा आलू लदा ट्रक, चालक की मौत

- ट्रक काटकर निकाला गया चालक का शव, दो लोग गंभीर घायल

■ रायबरेली



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

खीरों थाना क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर बुधवार सुबह निहस्था गांव के पास ओवरब्रिज पर सड़क किनारे खड़े डंपर में आलू लदे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डंपर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक का शव ट्रक को काटकर बाहर निकाला गया। पंजाब से आलू लादकर पश्चिम बंगाल जा रहा ट्रक सुबह करीब पांच बजे निहस्था गांव के पास पहुंचा। तभी सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक मनीष (24) निवासी जनीयाला खुर्द झाड़ा, थाना ओटाबढ़, जिला पलवल हरियाणा की मौत हो गई। वहीं ट्रक कंडक्टर जुबेर पुत्र नूर मोहम्मद निवासी नगला जार्ज, जिला पलवल और डंपर चालक धर्मेंद्र निवासी सुजानपुर, फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। खीरों थाना प्रभारी कुलदीप सिंह बुंदेला ने बताया कि एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया।

2027 में उन्नाव की सभी छह सीटें बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा : अवधेश द्विवेदी

- बूथ स्तर तक पूरे होंगे संगठन के 45 कार्य
- दीपावली के बाद जनसंपर्क अभियान में जुटेंगे कार्यकर्ता

■ उन्नाव



क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी का स्वागत करते भाजपा नेता प्रखर गुप्ता।

भाजपा अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी और क्षेत्रीय महामंत्री अवधेश कटियार व राजीव मिश्रा का बुधवार को प्रथम बार जिला कार्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के कोरारी से लेकर भाजपा जिला कार्यालय तक जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके बाद जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा शून्य से शिखर तक पहुंची है। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में उन्नाव की सभी छह सीटें बड़े अंतर से जीतने का लक्ष्य है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से तय 45 सांगठनिक कार्यों को प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक पूरा कराया जाएगा। दीपावली के बाद जनसंपर्क, मतदाता सूची पुनरीक्षण और संगठन विस्तार के अभियान में सभी मोर्चे पूरी ऊर्जा से जुटेंगे। युवाओं और महिलाओं को संगठन से जोड़ने के साथ सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जाएगा। क्षेत्रीय महामंत्री अवधेश कटियार ने कहा कि जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में उन्नाव को फिर भाजपा मय बनाना है। वहीं राजीव मिश्रा ने प्रचंड जीत के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से संकल्प लेकर जुटने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने सभी छह सीटों पर जीत का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत सभी नेता बीघापुर के ग्राम गौरी पहुंचे और श्री शिवदीप शिव महापुराण कथा में शामिल होकर कथाव्यास पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया।

आज दीपोत्सव में जगमगाएगा सदर, हास्य कलाकार लगाएंगे ठहाकों का तड़का

उन्नाव। दीपावली के उल्लास को यादगार बनाने के लिए आज गुरुवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता की ओर से करोवन मोड़ स्थित निखत स्टेडियम में भव्य दीपोत्सव एवं सुर-हास्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में दीपों की जगमग रोशनी, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और संगीत के बीच हास्य की महफिल सजेगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हास्य कवि राजीव निगम और सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को गुदगुदाएंगे। दोनों कलाकारों की हास्य प्रस्तुतियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। इसके साथ ही आकर्षक आतिशबाजी से आसमान रोशनी से नहाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि दीपावली प्रकाश, प्रेम, उल्लास और सामाजिक सौहार्द का पर्व है। इस आयोजन का उद्देश्य जनपदवासियों को एक मंच पर एकत्रित कर त्योहार की खुशियां साझा करना और उन्हें मनोरंजन से भरपूर शाम देना है। उन्होंने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

दौड़ में रजत पदक जीत कर अनामिका नेशनल गेम्स के लिए हुई चयनित

■ लालगंज



छात्रा अनामिका।

श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार की छात्रा अनामिका ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अनामिका ने 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन नेशनल गेम्स के लिए हुआ है।

प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में अनामिका ने अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। इससे पहले भी वह 200 मीटर दौड़ में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीत चुकी हैं। लगातार दो स्पर्धाओं में पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा साबित की है। इसी प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र राज ने भी 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता था। अनामिका के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रबंधक कार्तिकेय शंकर बाजपेयी और प्रधानाचार्य अवनींद्र पांडेय ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि अनामिका की मेहनत और लगन से विद्यालय को गौरव मिला है। शिक्षक दिलीप द्विवेदी, सत्येश मिश्रा, राकेश मिश्रा, सुजीत कुमार और विकास कुमार सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने भी खुशी जताते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

प्रोफेसर भानू शंकर बने बैसवारा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य



■ लालगंज

कस्बे के बैसवारा डिग्री कालेज में प्रोफेसर भानू शंकर ने नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनका एकल स्थानांतरण फतेहपुर के सदानंद पीजी कॉलेज से हुआ है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह और कार्यकारिणी के सदस्यों ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। मीडिया प्रभारी डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रो. भानू शंकर को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 26 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ में 22 वर्षों तक शिक्षण एवं प्रशासनिक दायित्व निभाए हैं। नवनियुक्त प्राचार्य प्रो0 भानू शंकर ने कहा कि कालेज में अनुशासन, नियमित कक्षाओं का संचालन और छात्र संख्या बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

तमंचा-कारतूस के साथ चोरी की बाइक और ई-रिक्शा बरामद

निघासन (लखीमपुर खीरी)। निघासन पुलिस ने बुधवार को सहतेपुरवा मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक और ई-रिक्शा बरामद किया। आरोपी की पहचान बुद्धीपुरवा निवासी मो. शानू (20) पुत्र मो. शफी के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने चोरी की बाइक (यूपी 34 बीपी 2287) और लाल रंग का देवा डीएलएक्स कंपनी का ई-रिक्शा (यूपी 34 डीटी 1351) भी बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान उपनिरीक्षक राजवीर सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ निघासन, सदर कोतवाली, शारदानगर, सिंगाही और संपूर्णानगर थानों में चोरी व अन्य संबंधित मामलों के कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं।

आईटीआई परिसर में रोजगार मेले में पहुंचे 300 युवा, विधायक ने किया शुभारंभ

- विधायक विनोद शंकर अवस्थी रहे मुख्य अतिथि, सीओ अभिषेक यादव की मौजूदगी में कार्यक्रम

■ लखीमपुर खीरी



क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को टेगनहा स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन कार्यालय की देखरेख में आयोजित मेले में तराई क्षेत्र के करीब 300 युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने किया। क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। करीब दो दशक के लंबे इंतजार के बाद शुरू हुए आईटीआई कॉलेज परिसर में रोजगार मेले के आयोजन को लेकर युवाओं में उत्साह दिखा। रोजगार की तलाश में सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी कॉलेज पहुंचने लगे थे। कार्यक्रम के दौरान जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी और आईटीआई कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद रहा। कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रोजगार मेले में क्षेत्र के लगभग 300 युवाओं ने हिस्सा लिया। मेले का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल व मंत्री मनोज पांडेय पहुंचे कथा में

शिव एक विश्वास हैं, आडंबर-पाखंड से दूर

- बैसवारा में चल रही प्रदीप मिश्रा की कथा, चंद्रमौलेश्वर शिव मंदिर की स्थापना की घोषणा, भंडारा भी निरंतर

■ उन्नाव



कथा व्यास का पूजन करते मंत्री मनोज पाण्डेय।

बीघापुर के गौरी गांव में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठवें दिन बुधवार को कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को आस्था के साथ कर्म करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिव केवल एक नाम नहीं, बल्कि विश्वास और आस्था के प्रतीक हैं। आडंबर और पाखंड से दूर रहकर अपने कर्मों पर भरोसा रखें। बीमारी होने पर डॉक्टर से इलाज कराएं और दवा के साथ महादेव पर एक लोटा जल भी चढ़ाएं। चिकित्सा और आस्था दोनों का अपना महत्व है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई बाबा बिना मेहनत के धनवान नहीं बना सकता। अपने पिता के संस्कारों, खुद की मेहनत और महादेव पर भरोसा रखकर लक्ष्य की ओर बढ़ें। मनुष्य को उसके कर्म ही ऊंचाई और बर्बादी तक पहुंचाते हैं। कथा व्यास ने बैसवारा को धार्मिक पहचान देने के लिए चंद्रमौलेश्वर शिव मंदिर की स्थापना की घोषणा की। मंदिर परिसर में निरंतर भंडारे और धार्मिक सेवा के कार्य भी संचालित होंगे। उन्होंने दक्ष प्रजापति के श्राप से मुक्ति के लिए चंद्रदेव की तपस्या और भगवान शिव द्वारा उन्हें मस्तक पर धारण करने का प्रसंग सुनाया। दूर्वा की तपस्या, शिव के वरदान और तारकासुर वध की कथा के माध्यम से धर्म, समर्पण और अधर्म पर विजय का संदेश दिया। कथा में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल भी पहुंचे। उनके आगमन पर आयोजन समिति की ओर से स्वागत किया गया। इसके अलावा ऊंचाहार से पहुंचे मंत्री मनोज पांडेय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यस्तता के चलते मुख्यमंत्री कथा में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से शीघ्र ही कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट किए जाने की बात कही। छठवें दिन कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजक अरुण सिंह, निर्भय सिंह लाला, मुन्ना सिंह, बैजनाथ सिंह, गंगा सिंह समेत आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

बीएड प्रशिक्षुओं ने माइक्रोटीचिंग के जरिए सीखे शिक्षण के गुर

- कक्षा छह से नौ तक के विद्यार्थियों को पढ़ाकर किया शिक्षण कौशल का अभ्यास, शिक्षकों ने बताए प्रशिक्षण के महत्व

■ लखीमपुर खीरी



चौधरी बेचेलाल महाविद्यालय रसूलपुर के बीएड तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को सीताराम मनवार इंटर कॉलेज, महरिया में मैक्रो टीचिंग का अभ्यास किया। सत्र 2025-27 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने कक्षा छह से नौ तक के विद्यार्थियों को पढ़ाकर अपने शिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इस दौरान बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. एलएम तिवारी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पाठ योजना तैयार करने, अलग-अलग शिक्षण विधियों को अपनाने और कक्षा प्रबंधन के व्यावहारिक तरीके सीखे हैं। प्रशिक्षुओं ने विद्यार्थियों को समूह चर्चा और प्रश्नोत्तर जैसी विधियों का इस्तेमाल किया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम वर्मा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बीएड प्रशिक्षण के व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षण कार्य में इन अनुभवों को उपयोगी बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. एलएम तिवारी ने कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर बीएड विभाग के प्राध्यापक उदय प्रताप पाठक, नूतन सिंह सहित विभाग के सभी प्रशिक्षु मौजूद रहे।

छह नवंबर से शुरू होगा मुफ्त राशन वितरण, 30 तक चलेगा

लखीमपुर खीरी। जिले में नवंबर माह का मुफ्त खाद्यान्न वितरण छह नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलो गेहूं और तीन किलो चावल मिलेगा। राशन का वितरण उचित दर की दुकानों पर सुबह आठ से दोपहर 12 बजे और दोपहर दो से शाम छह बजे तक किया जाएगा। कार्डधारक वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी सुविधा से भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। वितरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। इस दिन आधार प्रमाणीकरण में दिक्कत होने पर मोबाइल ओटीपी सत्यापन से राशन दिया जाएगा। डीएसओ ने जिन राशनकार्ड सदस्यों की ई-केवाईसी अभी नहीं हुई है, उनसे कोटे की दुकान पर पहुंचकर इसे जल्द पूरा कराने की अपील की है।

संक्षिप्त समाचार

नौ नवंबर को होगा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

डिबाई। चिरौरी रानी कात्यायनी सर्व समाज एकता कमेटी की ओर से 9 नवंबर 2026 को गोवर्धन पूजा के अवसर पर चतुर्थ मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गांव चिरौरी रानी कात्यायनी, कर्णवास रोड स्थित बघेल बस्ती में होगा। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। संस्थापक पप्पू सिंह मास्टर, अध्यक्ष सोमवीर सिंह नायक सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

जिला उद्यान विभाग ने अन्न की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण की दिलाई शपथ



शपथ लेते जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार अरुण व भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

बुलन्दशहर। जिला उद्यान विभाग द्वारा ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक 2026 के तहत 4 नवंबर को भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से सतत खाद्य प्रणाली अपनाने के लिए जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोगों ने अन्न की बर्बादी रोकने, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय एवं मौसमी पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने, जरूरत के अनुसार भोजन लेने, कृषि में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा सूक्ष्म सिंचाई तकनीक अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही खाद्य एवं जैविक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन और कम्पोस्ट निर्माण को प्रोत्साहित करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार अरुण, रणवीर सिंह, भूगर्भ जल विभाग के नोडल आदि मौजूद रहे।

गंगा में डूब रहे 6-7 श्रद्धालुओं को बचाने वाले सिपाही अंकुर सम्मानित

बुलन्दशहर। रामघाट गंगा घाट पर डूब रहे 6-7 श्रद्धालुओं की जान बचाने वाले आरक्षी अंकुर कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 24 सितंबर 2026 को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कई श्रद्धालु गंगा के गहरे पानी में डूबने लगे थे। इस दौरान आरक्षी अंकुर कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगाई और सभी श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाल लिया। उनके साहस, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा की एसएसपी ने सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

बेटी सबा हैदर ने अमेरिका में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

औरंगाबाद। कस्बा औरंगाबाद के मोहल्ला सादात निवासी सैयद अली हैदर की बेटी सबा हैदर ने अमेरिका के इलिनोइस राज्य के 84वें डिस्ट्रिक्ट से स्टेट रिप्रेजेंटेटिव का चुनाव जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने रिपब्लिकन प्रत्याशी ब्रायन स्कोपा को हराकर शानदार जीत दर्ज की। सबा की सफलता से औरंगाबाद और गाजियाबाद में खुशी का माहौल है। सबा हैदर पिछले करीब 20 वर्षों से अपने परिवार के साथ अमेरिका में रह रही हैं। वह पूर्व में काउंटी बोर्ड की सदस्य भी रह चुकी हैं। उनकी जीत पर पिता सैयद अली हैदर ने खुशी जताते हुए इसे देश की बेटियों की उपलब्धि बताया। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है।

नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार युवक का कूल्हा फ्रैक्चर

डिबाई। ग्राम तेलिया नगला के पास नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे में कुमरौआ के प्रधान पवन कुमार के भांजे रवि (32) का कूल्हा फ्रैक्चर हो गया, जबकि उनके भाई अमित कुमार को मामूली चोटें आई हैं। रवि और अमित का लीलावती अस्पताल में उपचार चल रहा है।

धूमधाम से मनाया विधायक मीनाक्षी सिंह का जन्मदिन



जन्मदिन समारोह के दौरान विधायक मीनाक्षी सिंह का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

खुर्जा। विधानसभा क्षेत्र की विधायक मीनाक्षी सिंह के जन्मदिन पर जंक्शन रोड स्थित आरके फार्म हाउस में भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और खुर्जा नगर से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान विधायक का फूल-मालाओं, बुके और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रंजना सिंह ने किया चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ, विद्यार्थियों को बांटी खेल सामग्री



प्रदर्शनी का शुभारंभ करतीं एडवोकेट रंजना सिंह व अन्य अतिथि।

खुर्जा। नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एडवोकेट रंजना सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ कला और रचनात्मकता बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को क्रिकेट, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों की सामग्री भी वितरित की। उन्होंने कहा, 'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया और खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया।' कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अंजना भगवानदास सिंघल, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

बूढ़ा बाबू तालाब से हटाया अवैध कब्जा

शिकारपुर। हिंदू धार्मिक आस्था से जुड़े बूढ़ा बाबू तालाब की भूमि से पुलिस-प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने अवैध कब्जा हटाकर जमीन समतल करा दी। मामले में एक पुरुष और तीन महिलाओं सहित चार नामजद तथा करीब दो दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान शिवलिंग स्थापित कर काम रुकवा दिया गया था। दोबारा कब्जे की सूचना पर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे, सीओ दीपक कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की।

तीन स्थानों पर अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, 17.5 बीघा जमीन पर कार्रवाई मुक्त

बुलन्दशहर। बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण ने जोन-3 में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। ग्राम गंगेरूवा में जाहिद की करीब छह बीघा और सोनू उर्फ जुगेन्द्र की साढ़े तीन बीघा तथा ग्राम जालखेड़ा में रविन्द्र प्रजापति की करीब आठ बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार के निर्देशन में पुलिस, होमगार्ड और प्राधिकरण की टीम की मौजूदगी में की गई। उपाध्यक्ष ने लोगों से बिना मानचित्र स्वीकृति निर्माण न करने और अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदने की अपील की।

मंडलायुक्त ने जिला स्तरीय सरस मेले का किया शुभारंभ

■ अलीगढ़



जिलास्तरीय सरस मेले का शुभारंभ करते मंडलायुक्त।

■ वोकल फॉर लोकल को अपनाकर स्वदेशी उत्पाद खरीदने और ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर आयुक्त कार्यालय परिसर में जिलास्तरीय सरस मेले का गरिमामयी शुभारंभ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल ओ.पी. आर्य द्वारा किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को एक बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। यह मेला 05 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विकास खंडों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।मण्डलायुक्त ओ.पी. आर्य ने मेले के शुभारंभ के अवसर पर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की रचनात्मकता एवं उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों के आयोजन से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ बल मिलता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनती है।मेले में प्रदर्शित प्रमुख उत्पादों में विकास एसएचजी (ग्राम-रफायतपुर, विकास खंड-गोण्डा) इनके द्वारा दीपावली की विशेष सजावट सामग्री का प्रदर्शन और विक्रय एवं बजरंगबली एसएचजी (ग्राम - नगला जगदेव, विकास खंड - गोण्डा) यह समूह शुद्ध घरेलू मसाले और अचार की रेंज एवं अम्बेडकर एसएचजी (ग्राम - बिसौरा, विकास खंड - गंगीरी) इस समूह द्वारा आकर्षक और आधुनिक ग्लास लैंप एवं शनि देव एसएचजी (ग्राम - पिलौना, विकास खंड - जवाँ) इनके द्वारा पर्यावरण अनुकूल दौना और पत्तल तैयार किए गए एवं जय विष्णु एसएचजी (ग्राम - गाँव खेड़ा, विकास खंड - अतरौली) यह समूह बेहतरीन रेडीमेड कपड़ों, सहेली एसएचजी (ग्राम - इज्जतपुर, विकास खंड - अतरौली) महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले सैनेटरी पैड्स का स्टॉल लगाया गया, राधे-राधे एसएचजी (ग्राम - हरी रामपुर, विकासखंड - इगलास) इनके स्टॉल पर पारंपरिक रूप से तैयार अचार, मुरब्बा और शुद्ध हींग, महक एसएचजी (ग्राम - बहादुरपुर, विकासखंड - जवाँ) यह समूह सर्फ, टॉयलेट क्लीनर और हैंडवाश जैसे घरेलू सफाई उत्पाद, श्री राघव एसएचजी (ग्राम - उखलाना, विकास खंड - धनीपुर) इनके द्वारा दीपावली पूजन के लिए विशेष रूप से पूजा सामग्री तैयार की गई है। इस अवसर पर जेडीसी मंशाराम यादव, जेडी कृषि, डीडी दिव्यांगजन, उपायुक्त एनआरएलएम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, स्वयं सहायता समूह की महिलाए आदि मौजूद रहे।

शनि मंदिर के पास शौचालय निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश

अलीगढ़। थाना बन्नादेवी क्षेत्र के नई बस्ती कठपुला स्थित जीटी रोड पर शनि देव मंदिर के पास नगर निगम द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर के नजदीक निर्माण कार्य होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने निर्माण स्थल को लेकर सवाल उठाते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि मंदिर के पास शौचालय निर्माण से धार्मिक स्थल की गरिमा और आसपास के वातावरण पर असर पड़ सकता है।

बन्नादेवी क्षेत्र में उपनिरीक्षक ने फांसी लगाकर दी जान

अलीगढ़। थाना बन्नादेवी क्षेत्र के चूहरपुर मोहल्ले में पुलिस विभाग में तैनात उपनिरीक्षक सुंदरम तिवारी ने किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पुलिस लाइन में तैनात थे और अपने पिता के साथ रह रहे थे।बताया गया कि घटना के समय उनके पिता मंदिर गए हुए थे। वापस लौटने पर उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

स्व-गणना अभियान में सक्रिय भागीदारी करें पुलिसकर्मी और जनपदवासी -एसएसपी

■ अलीगढ़

■ 16 से 30 नवम्बर तक चलेगा स्व-गणना अभियान, वर्तमान निवास स्थान के आधार पर होगी गणना

भारत की जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जनपदवासियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से 16 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाले स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है।एसएसपी ने बताया कि जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 से 30 नवम्बर तक नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 01 दिसम्बर से 04 जनवरी, 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर व्यक्ति गणना की जाएगी तथा 05 से 09 जनवरी, 2027 तक पुनरीक्षण गणना का कार्य सम्पन्न होगा।उन्होंने पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपनी गणना वर्तमान सामान्य निवास स्थान पर ही कराएं। पुलिसकर्मी अपने मूल निवास अथवा गृह जिले के बजाय जहां वर्तमान में निवास कर रहे हैं, वहीं अपनी एवं अपने परिवार की गणना सुनिश्चित करें। इससे दोहरी गणना की स्थिति से बचने के साथ ही कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित नहीं रहेगा।एसएसपी ने पुलिसकर्मियों से स्वयं स्व-गणना करने के साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, परिजनों एवं आसपास के नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास, संसाधनों के नियोजन और भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज होना आवश्यक है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे 16 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहे स्व-गणना अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेकर जनगणना-2027 के सफल संचालन में अपना योगदान दें।

शिविर में 43 लोगों ने किया रक्तदान

शिकारपुर। श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सत्यनिष्ठा से समृद्धि अभियान के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक और बुलंद चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित 43 लोगों ने रक्तदान किया। आयोजन में अध्यक्ष अशोक मित्तल, प्राचार्य डॉ. ललित कुमार गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राज कुमार सिंह सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

आतिशबाजी बाजार से पूर्व पड़ाव मैदान का एसपी ने किया निरीक्षण

■ सुरक्षा मानकों के पालन के दिए निर्देश

■ खैर



पडाव मैदान का निरीक्षण करते एसपी देहात मनीष मिश्रा, एसडीएम एसके सिंह, सीओ अभिषेक पटेल, ईओ निषाद मधुरमय व राजीव चौधरी।

दीपावली के पर्व पर खैर के पडाव मैदान में प्रस्तावित आतिशबाजी बाजार से पूर्व बुधवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनीष मिश्रा ने एसडीएम खैर शिशिर कुमार सिंह, सीओ खैर अभिषेक पटेल व एसएचओ राजीव चौधरी के साथ पडाव मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया।

बता दें कि प्रतिवर्ष दीपावली पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु नगर पालिका द्वारा ठेका उठाया जाता है। बाद में पडाव मैदान में आतिशबाजी बाजार के लिए एसडीएम खैर द्वारा सशर्त अनुमति प्रदान की जाती है। इसी क्रम में बुधवार को अधिकारियों ने ईओ खैर निषाद मधुरमय के साथ पडाव मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी देहात ने कहा कि आतिशबाजी बाजार में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित आतिशबाजी बाजार के अतिरिक्त यदि कहीं खुले में अवैध रूप से आतिशबाजी का विक्रय किया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने नगर पालिका द्वारा नामित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बाजारों में ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध

■ बुलन्दशहर।

धनतेरस, दीपावली और भैयादूज के मद्देनजर बाजारों में जाम से बचने के लिए यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। 5 नवंबर से अग्रिम आदेश तक अंसारी चौक से अंबर सिनेमा होते हुए डिप्टीगंज तक ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। डिप्टीगंज से अंसारी चौक जाने वाले वाहनों को कालाआम चौराहे की ओर से जाना होगा, जबकि अंसारी चौक से डिप्टीगंज जाने वाले वाहन सरकारी अस्पताल के सामने वाले मार्ग का प्रयोग करेंगे। अंसारी चौक बाजार से हनुमान चौक जाने वाले मार्ग पर भी इन वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

यातायात पुलिस के अनुसार, 5 नवंबर से प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। अंसारी रोड से डिप्टीगंज के बीच रहने वाले लोगों के चार पहिया वाहनों को जरूरी दस्तावेजों के आधार पर ही जाने दिया जाएगा। बाजार आने वाले लोग अपने वाहन पुरानी जेल, मोतीबाग और पुरानी कोतवाली में पार्क करें।

गन्ना मूल्य छह सौ रुपये करने समेत मांगों को लेकर भाकियू का 21वें दिन भी जारी रहा धरना

बुलन्दशहर। जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन चढूनी का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 21वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मेरठ मंडल महासचिव सुनील लोधी ने की। किसान गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, बकाया गन्ना भुगतान और ब्याज दिलाने, मिल चालू होने से पहले गन्ना मूल्य घोषित करने तथा घटतौली रोकने की मांग कर रहे हैं। धरने पर सूबे सिंह डागर, पुष्पेंद्र सिंह, निरीत्तम, सोहनपाल लोधी, जगवीर शर्मा, पिंटू लोधी, राजू गढ़िया, देवेंद्र लोधी, रिंकू लोधी, रमेश, अजीत सिंह और अमरजीत सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

दीपावली मेला में की जाएगी दिव्यांगों के उत्पादों की बिक्री

■ अलीगढ़।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया है कि मण्डल स्तर पर दिव्यांगजन द्वारा निर्मित सामग्रियों के विक्रय के लिए 06 नवंबर को मैरिस रोड स्थित शहनाई मैरिज हॉल में दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि दीपावली मेले में दिव्यांगजन द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद, दीये, सजावट का सामान आदि की बिक्री की जायेगी एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। दीपावली मेले का आयोजन स्वैच्छिक संस्था आजाद फाण्डेशन सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि दीपावली मेले में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदने का कष्ट करें जिससे इस दीपावली के अवसर पर दिव्यांगजन की आय में वृद्धि हो सके।

परशुराम धर्मशाला में भागवत कथा 17 से



श्रीमद भागवत कथा के आयोजन के लिए कथा व्यास को नारियल भेंट कर आमंत्रित करते आयोजक।

■ खैर

स्थानीय रामलीला मैदान के निकट भगवान परशुराम धर्मशाला मे आगामी 17 से 24 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है।

बुधवार को आयोजक मंडल कथा व्यास कृष्ण शास्त्री को नारियल भेंटकर निमंत्रण दिया और कथा आयोजन के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर कथा व्यास कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन के प्रत्येक पहलू को बदलने की शक्ति रखती है। कथा श्रवण से व्यक्ति को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि यदि उनके श्रोताओं में से कुछ लोग भी भागवत कथा के सार को आत्मसात कर अपने जीवन में बदलाव लाते हैं, तो उनके कथा कहने का उद्देश्य और जीवन सफल हो जाएगा। इस मौके पर रामकुमार शर्मा, अनिल रावत, विवेक वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा भोले, सुशील शर्मा, कैलाश शर्मा, नेपाल शर्मा, कालीचरण शर्मा व शिवदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

गौरव शर्मा रैकेटबॉल एसोसिएशन यूपी के चुने गए प्रदेश उपाध्यक्ष

■ खैर



रैकेट वॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुदित बहादुर का स्वागत करते गौरव शर्मा व अन्य।

■ चार वर्ष का रहेगा कार्यकाल, लखनऊ में आयोजित प्रदेश सम्मेलन में हुआ चयन

लखनऊ के होटल क्लार्क्स अवध में बुधवार को रैकेटबॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की स्टेट कॉन्फ्रेंस 2026 एवं वार्षिक आम सभा आयोजित हुई। सम्मेलन में खैर निवासी गौरव शर्मा को रैकेटबॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया। नवगठित कमेटी का कार्यकाल चार वर्ष रहेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजेश पाठक रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सांसद प्रकाश पाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर और भाजपा अवध क्षेत्र अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी शामिल रहे।

सम्मेलन में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज दास गुप्ता, महासचिव आनंदेश्वर पांडेय, इंडियन रैकेटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र कंबोज सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरव शर्मा के चयन पर खेल प्रेमियों और.क़स्बा खैर के क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।

त्यौहार पर व्यापारियों को नकदी ले जाने में मिलेगी पुलिस सहायता

■ चौकी पर पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

■ खैर



कस्बा पुलिस चौकी में गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते एसपी मनीष मिश्रा, एसडीएम एसके सिंह व सीओ अभिषेक पटेल।

पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व को हर्ष, उल्लास व शन्तिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए कस्बा पुलिस चौकी में बुधवार को एसपी देहात मनीष मिश्रा व एसडीएम शिशिर कुमार सिह की अगुआई में पीस कमेटी की बैठक की बैठक हुई।

एसडीएम एसके सिंह ने कहा कि निर्धारित आतिशबाजी बाजार के अलावा अन्य किसी भी स्थान पर आतिशबाजी नही बिकेगी। उल्लंघन किए जाने की दशा में संबंधित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए व्यापारियों से दुकानों के बाहर सामान न लगाने की अपील की। बैठक में सर्राफ व्यापारी अभिषेक शर्मा ने सोमना रोड-मिनी बाईपास पर रात के समय पुलिस गश्त हटाए जाने की समस्या उठाई। जिस पर एसपी ग्रामीण ने एसएचओ राजीव चौधरी को पुलिस पिकेट तैनात किए जाने के निर्देश दिए।

एसपी देहात मनीष मिश्रा ने कहा कि त्योहार के दौरान बैंक बंद होने की स्थिति में यदि किसी व्यापारी को बड़ी रकम नकदी के रूप में ले जानी हो तो वह खैर कोतवाली पुलिस को सूचना दे। सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी अथवा पीआरवी वाहन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे व्यापारी सुरक्षित अपनी रकम ले जा सकें। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर नकदी का लेनदेन बढ़ जाता है, ऐसे में सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, अपराध निरीक्षक इफ्तिखार अली, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रमोद गर्ग, भाजपा नेता अतुल गोयल, कपिल अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र वर्मा, नंदकिशोर वर्मा, कपिल गौतम आदि मौजूद रहे।

सुभाषितम्

षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता॥

उन्नति और समृद्धि की इच्छा रखने वाले मनुष्य को छह दोषों का त्याग कर देना चाहिए–अधिक नींद, तंद्रा (ऊंघना), भय, क्रोध, आलस्य और काम को टालने की प्रवृत्ति।

संपादकीय

ट्रम्प की सनक पर जनता का करारा प्रहार

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को मिली पराजय महज चुनावी हार नहीं, बल्कि उनकी अहंकारपूर्ण और मनमानी राजनीति के विरुद्ध अमेरिकी जनता का स्पष्ट जनादेश है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद को अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनाया। उन्हें शायद यह भ्रम हो गया था कि अमेरिका की सत्ता उनके हाथ में है तो पूरी दुनिया को उनकी इच्छानुसार चलना होगा। लेकिन वे भूल गए कि लोकतंत्र में सत्ता का वास्तविक स्वामी जनता होती है और वह अपने शासक की गलतियों का हिसाब लेने में देर नहीं करती।

ट्रम्प की विदेश नीति ने विश्व को शांति और स्थिरता देने के बजाय युद्ध, तनाव और आर्थिक अनिश्चितता की ओर धकेला। उन्होंने अनेक देशों पर आर्थिक प्रतिबंध थोपे, व्यापारिक शुल्क बढ़ाए और आर्थिक दबाव को कूटनीति का हथियार बनाया। ईरान सहित कई देशों के साथ टकराव बढ़ाने से वैश्विक शांति पर संकट गहराया। उनकी नीतियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा बाजार और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। ऐसा प्रतीत होता रहा मानो अमेरिका की सामरिक और आर्थिक शक्ति का उपयोग विश्व व्यवस्था को संतुलित करने के बजाय दूसरे देशों को अपनी शर्तों के आगे झुकाने के लिए किया जा रहा हो।

भारत के साथ भी ट्रम्प का रवैया मित्रतापूर्ण संबंधों की गरिमा के अनुरूप नहीं रहा। व्यापारिक शुल्कों और दबाव की राजनीति के माध्यम से उन्होंने भारत पर अपनी शर्तें थोपने का प्रयास किया। भारत जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के साथ परस्पर सम्मान और समानता का भाव अपेक्षित था, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार कई अवसरों पर इसके विपरीत दिखाई दिया। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण उनका पाकिस्तान के प्रति नरम रुख रहा। जिस पाकिस्तान की धरती आतंकवाद को संरक्षण देने और भारत के विरुद्ध उसका उपयोग करने के लिए कुख्यात रही है, उसी के सत्ता प्रतिष्ठान के साथ ट्रम्प की निकटता ने भारत की चिंताएं बढ़ाईं। आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक वैश्विक नीति की अपेक्षा रखने वाले भारत के लिए यह स्थिति असहज करने वाली थी।

ट्रम्प की राजनीति का मूल संकट यही रहा कि उन्होंने राष्ट्रीय हित और व्यक्तिगत अहंकार के बीच अंतर करना छोड़ दिया। कभी मित्र देशों को धमकाना, कभी विरोधियों पर प्रतिबंध लगाना, कभी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी देना और कभी व्यापारिक संबंधों को दबाव का माध्यम बनाना उनकी कार्यशैली बन गई। लेकिन किसी देश की शक्ति केवल उसके हथियारों, अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी विश्वसनीयता और मित्र देशों के विश्वास से भी निर्धारित होती है। ट्रम्प ने अमेरिका की इसी विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई। मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की सफलता इसी असंतोष का परिणाम है। कंसास जैसे राज्य में लगभग एक शताब्दी बाद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार की जीत और टेक्सास में पार्टी का प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि ट्रम्प की नीतियों के प्रति नाराजगी व्यापक हुई है। कांग्रेस के दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत गंवाना उनके नेतृत्व के लिए गंभीर चेतावनी है।

पाती

त्योहारों पर दोहरे मापदंड क्यों?

हिन्दू त्योहार आते ही पर्यावरण, प्रदूषण और पानी की बर्बादी पर उपदेशों की बाढ़ क्यों आ जाती है? दीपावली पर पटाखे न चलाने और होली पर पानी न बहाने की सीख देना उचित है, लेकिन यह सीख सभी समुदायों और उत्सवों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। किसी भी परंपरा या धार्मिक आस्था के नाम पर पर्यावरण, जीवों के प्रति संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। यदि दीपावली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चिंता है तो अन्य अवसरों पर होने वाले प्रदूषण पर भी समान स्वर उठना चाहिए। यदि जीवों के प्रति करुणा का आग्रह है तो बकरीद पर पशुबलि के प्रश्न पर भी संवेदनशील विमर्श होना चाहिए। पर्यावरण और करुणा का कोई धर्म नहीं होता। चयनात्मक विरोध नहीं, समान दृष्टि ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है।

■ अशोक पाराशर

आज का इतिहास

- 1556 : पानीपत के दूसरे युद्ध में अकबर की सेना ने हेमू (हेमचंद्र विक्रमादित्य) को पराजित किया। इस विजय के साथ भारत में मुगल सत्ता की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। युद्ध में अकबर की ओर से बैरम खां ने सेना का नेतृत्व किया था।
- 1920 : इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
- 2013 : भारत ने अपने पहले मंगल अभियान मंगलयान का सफल प्रक्षेपण किया। यह भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की ऐतिहासिक उपलब्धि बनी।
- 1639 : अमेरिका के मैसाचुसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना हुई।
- 1872 : यूलिसिस एस. ग्रांट दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
- 1930 : अमेरिकी साहित्यकार सिंक्लेयर लुईस को उनके उपन्यास 'बैबिट' के लिए नहीं, बल्कि उनके साहित्यिक योगदान के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। वह यह सम्मान पाने वाले पहले अमेरिकी लेखक बने।
- 1940 : फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
- 1956 : स्वेज नहर संकट के दौरान ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाएं मिस्र पहुंचीं। इससे मिस्र और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय रूप ले लिया।
- 1994 : जॉर्ज फोरमैन ने माइकल मूर को हराकर 45 वर्ष की आयु में विश्व हेवीवेट मुक्केबाजी चैंपियन का खिताब जीता।
- 1995 : इजराइल के प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- 2006 : इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में अदालत ने मृत्युदंड सुनाया।

दीपावली : सामाजिक समरसता का महापर्व

रावण-वध के बाद रामजी को अयोध्या लौटने में पूरे बीस दिन लगे। यह अवधि अनावश्यक विलंब अथवा विजय-उत्सव की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष और प्रत्येक समाज को समरसता के सूत्र में पिरोने की थी। इसका वर्णन रामचरितमानस में मिलता है। रावण-वध अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी को हुआ, जबकि रामजी कार्तिक मास की अमावस्या को अयोध्या लौटे। इन दोनों तिथियों के बीच बीस दिन का अंतर है। इस अवधि में रामजी लंका में नहीं रुके थे। वे केवल दो दिन वहाँ रहे। रावण-वध के बाद वे नगर में नहीं गए, बल्कि अपने सैन्य शिविर में ही रहे। उन्होंने विभीषण से युद्ध में मारे गए रावण सहित सभी परिजनों का अंतिम संस्कार करने को कहा। इसमें एक दिन लगा। अगले दिन विभीषण का राज्याभिषेक हुआ। इसके बाद विभीषण सीता माता को सम्मानपूर्वक लेकर रामजी के पास आए।

विजयदशमी और दीपावली के बीच के ये बीस दिन संपूर्ण समाज के परस्पर समन्वय और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने की अवधि हैं। इसे दीपावली की तैयारियों और लंका विजय के बाद श्रीरामजी की अयोध्या वापसी के घटनाक्रम से समझा जा सकता है। भारतीय वाङ्मय की पुराण-कथाओं, अवतारों की अवधारणा और त्योहारों की परंपरा के पीछे आदर्श समाज-निर्माण तथा प्रत्येक प्राणी और प्रकृति से समन्वय का संदेश है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में उतारने का सिद्धांत है। यही संदेश भारत के त्योहारों और परंपराओं में दिखाई देता है। विजयदशमी के बाद दीपावली की तैयारियों की यह अवधि समाज के समन्वय, सहयोग और एक-दूसरे का पूरक बनने की अवधि है। यही कार्य रामजी ने लंका विजय के बाद किया था और यही परंपरा दीपावली की तैयारियों में दिखाई देती है।



■ रमेश शर्मा

रामजी के श्रीलंका से अयोध्या लौटने की अवधि बीस दिन

रावण-वध के बाद रामजी को अयोध्या लौटने में पूरे बीस दिन लगे। यह अवधि अनावश्यक विलंब अथवा विजय-उत्सव की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष और प्रत्येक समाज को समरसता के सूत्र में पिरोने की थी। इसका वर्णन रामचरितमानस में मिलता है। रावण-वध अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी को हुआ, जबकि रामजी कार्तिक मास की अमावस्या को अयोध्या लौटे। इन दोनों तिथियों के बीच बीस दिन का अंतर है। इस अवधि में रामजी लंका में नहीं रुके थे। वे केवल दो दिन वहाँ रहे। रावण-वध के बाद वे नगर में नहीं गए, बल्कि अपने सैन्य शिविर में ही रहे। उन्होंने विभीषण से युद्ध में मारे गए रावण सहित सभी परिजनों का अंतिम संस्कार करने को कहा। इसमें एक दिन लगा। अगले दिन विभीषण का राज्याभिषेक हुआ। इसके बाद विभीषण सीता माता को सम्मानपूर्वक लेकर रामजी के पास आए। वे भेंट और पुष्पक विमान भी लाए, ताकि रामजी शीघ्र अयोध्या लौट सकें।

पुष्पक विमान साधारण नहीं, दिव्य था। वह पवन से भी तीव्र गति से चल सकता था और उसमें यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ बैठने की क्षमता का विस्तार हो सकता था। रामजी उसी संध्या लंका से चल दिए, लेकिन अयोध्या पहुँचने में उन्हें अठारह दिन लगे। रामजी ने लौटने के लिए वही मार्ग चुना, जिससे वे लंका गए थे। यात्रा में वे उन सभी वन्य और ग्राम्य क्षेत्रों के निवासियों से मिले, जिनसे जाते समय मिले थे। वे उन ऋषि-आश्रमों में गए जहाँ पहले गए थे और सभी समाज-प्रतिनिधियों से भेंट कर वनवासियों से लेकर ऋषियों तक को अयोध्या आने का आमंत्रण दिया। भील, निषाद और किरात समाजों के जो प्रमुख साथ चलने को तैयार हुए, उन्हें पुष्पक विमान में बैठा लिया। रामजी ने प्रत्येक स्थान पर एक-एक रात्रि भी बिताई। इसी कार्य में उन्हें अठारह दिन लगे। इन अठारह दिनों में रामजी ने पूरे भारत और सभी समाजों को स्वयं से जोड़ा तथा सबको परस्पर जुड़ने का संकल्प भी दिलाया। दानवी शक्तियाँ सात्विक समाज के बिखराव का लाभ उठाती हैं। समाज संगठित, जागरुक और एक सूत्र में आबद्ध हो तो आसुरी शक्तियाँ प्रभावी नहीं हो सकतीं। इसके साथ रामजी ने यह संदेश भी दिया कि उन लोगों के प्रति सदैव आभार का भाव रखना चाहिए, जो असामान्य परिस्थितियों में सहयोगी बनते हैं।



दीपोत्सव की तैयारी में भी संपूर्ण समाज के एक सूत्र होने की झलक

रामजी ने श्रीलंका से अयोध्या लौटने की यात्रा में जो संदेश दिया था, वही आज भी दीपावली की तैयारियों में झलकता है। रामजी के लौटने पर केवल दीप जलाने की परंपरा होती तो यह कार्य एक ही दिन में हो सकता था। दीपावली पाँच दिन का त्योहार है और इसकी तैयारी में अठारह-बीस दिन लगते हैं। यह उत्सव और उसकी तैयारी समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से एक सूत्र में जोड़ती है। साफ-सफाई, लिपाई-पुताई, पुरानी वस्तुओं को हटाने और नई वस्तुओं की खरीद में सभी वर्गों की भागीदारी रहती है। घर की झाड़ू से स्वर्णाभूषण तक खरीदे जाते हैं और समाज के हर वर्ग को भेंट दी जाती है। दीपावली-पूजन में आवश्यक मानी गई वस्तुओं का संबंध भी समाज के प्रत्येक शिल्प-समूह से है।

रामजी ने लौटते समय संपूर्ण समाज को एकत्व का यही संदेश दिया कि भारतीय समाज संगठित और परस्पर सहयोगी रहे। तभी आसुरी शक्तियों से सभ्य-सुसंस्कृत समाज सुरक्षित रह सकता है। समाज को जोड़ने और जुड़ने की यह प्रक्रिया आज भी यथावत है। साफ-सफाई और लिपाई-पुताई से लेकर नए वस्त्र, बर्तन, आभूषण तथा घर-भवन सजाने की वस्तुओं की खरीद तक, हर गतिविधि से किसी न किसी को काम मिलता है। इससे हर हाथ को काम मिलता है और सब एक-दूसरे का महत्व समझते हैं। तभी सबकी दीवाली मनती है। भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों को महत्व देती है। त्योहारों का संदेश है कि विभिन्न समाजों और वर्गों के लोग परस्पर जुड़ें तथा एक-दूसरे के पूरक बनें। इसमें नगरवासी, ग्रामवासी और वनवासी का कोई भेद नहीं। भारतीय संस्कृति में जन्म, वर्ग, वर्ण अथवा जाति का भेद नहीं, उसका आधार गुण और कर्म हैं। इसीलिए निषाद, किरात और वनवासी सुग्रीव, सभी रामजी के मित्र हैं।

भूमि के हर हिस्से में एक जैसे फल-फूल या फसल नहीं होते, न हर पर्वत पर एक जैसी औषधि मिलती है, फिर भी सब एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की विविधता भी ऐसी ही है। प्राणियों की भाव-भाषा और जीवन-शैली में अंतर देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप होता है। जीवन-शैली के विकास के साथ समूह, वर्ग और उपवर्ग बनते हैं, लेकिन आंतरिक स्वरूप में कोई अंतर नहीं होता। ग्राम और वन क्षेत्रों में रहने वाले भील, गोंड, कोल, कोरकू, माड़िया और मुंडा जैसे समुदाय रामायण काल में भी थे। उनके मानवीय सम्मान में कोई भेद नहीं था। तभी रामजी इन सभी समुदायों के बीच रहे और लौटते समय उनके मुखियाओं को पुष्पक विमान में अपने साथ अयोध्या लाए। वृक्ष की शाखाएँ अलग-अलग दिशाओं में फैलती हैं और उसके फल का बीज दूसरे स्थान पर नया वृक्ष बन जाता है। इसी प्रकार समाज का विस्तार होता है। विश्व की संपूर्ण मानवता का केन्द्रीय बिंदु एक ही है। रामजी का आचरण इसी भाव से भरा था और यही संदेश दीपावली की तैयारियों में भी निहित है।

रामायण काल को हजारों वर्ष बीत गए। दासत्व का अंधकार भी सैकड़ों वर्ष रहा, फिर भी भारतीय जीवन में यह परंपरा आज तक बनी हुई है। इसीलिए दीपावली पर केवल दीपोत्सव नहीं होता, बल्कि समूचे समाज का कायाकल्प होता है - धन से, श्रम से, परस्पर आदान-प्रदान से और भेंट-मिलाप से। इस प्रकार विजयदशमी से दीपावली के बीच की यह बीस दिन की अवधि संपूर्ण राष्ट्र और समाज के विभिन्न वर्गों को परस्पर समरस होने, एक-दूसरे से जुड़ने और एक-दूसरे का पूरक बनने की अवधि है। यही भारतीय जीवन की सांस्कृतिक शक्ति का आधार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

सशक्त पंचायतों से साकार होगा ग्राम स्वराज

भारत का समग्र विकास गांवों की प्रगति और ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं और सरकारी संसाधनों के प्रभावी उपयोग में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, देश की अनेक पंचायतें वित्तीय संसाधनों, प्रशिक्षित कर्मचारियों, तकनीकी सुविधाओं और प्रशासनिक क्षमता की कमी से जूझ रही हैं। इन चुनौतियों को दूर कर पंचायतों को सक्षम स्थानीय शासन संस्थाओं के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 28 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना को मंजूरी दी है।



■ बलकार सिंह पूनियाँ

वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू होने वाली इस केंद्र प्रायोजित योजना का कुल परिव्यय 7,395.55 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार 4,869.48 करोड़ रुपये और राज्य सरकारें 2,526.07 करोड़ रुपये का योगदान देंगी। योजना में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों के साथ उन क्षेत्रों की पारंपरिक ग्रामीण स्थानीय शासन संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा, जहां पंचायत व्यवस्था लागू नहीं है। उद्देश्य पंचायतों को केवल सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित न रखकर स्थानीय विकास की प्राथमिकताएं तय करने और उपलब्ध संसाधनों का समन्वित उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

योजना का प्रमुख आधार ग्राम पंचायतों को स्थानीय विकास नियोजन का केंद्र बनाना है। पेयजल, स्वच्छता, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और रोजगार जैसी आवश्यकताओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं में समन्वय जरूरी है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों के विभागीय नियोजन को साझा डिजिटल मंच से जोड़कर ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) को व्यापक और प्रभावी बनाया जाएगा। प्रतिवर्ष 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने का लक्ष्य है। ग्रामसभा की भागीदारी से स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता मिलेगी, जबकि संबंधित विभाग योजनाओं का क्रियान्वयन मौजूदा व्यवस्था के अनुसार करेंगे।



ग्रामीण शासन में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए डिजिटल व्यवस्था मजबूत की जाएगी। वर्ष 2020 में शुरू किया गया ई-ग्राम स्वराज पंचायतों के नियोजन, बजट, लेखांकन, निगरानी, संपत्ति प्रबंधन और ऑनलाइन भुगतान का एकीकृत डिजिटल मंच है। योजना के अंतर्गत इसे अन्य सरकारी प्रणालियों से जोड़कर साझा सूचना व्यवस्था विकसित की जाएगी। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, सरकारी ई-बाजार, भाषिणी, भारतनेट और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से जुड़ाव पंचायतों को वित्तीय लेन-देन, खरीद, बहुभाषी सूचना, इंटरनेट संपर्क और मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने में सहायता करेगा।

राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं को स्थानीय जरूरतों से जोड़ने के लिए सूचना और जनभागीदारी को भी महत्व दिया गया है। जनवरी 2026 में शुरू किया गया कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्हाट्सऐप मंच 'पंचम' पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों के बीच दोतरफा संवाद की सुविधा देता है। इसके माध्यम से 17 भारतीय भाषाओं में सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण सामग्री और पंचायत सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है। ग्रामसभाओं और पंचायत मंचों के माध्यम से ग्रामीणों को विकास संबंधी विषयों पर चर्चा और निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। डिजिटल माध्यमों का उपयोग प्रत्यक्ष जनसंवाद और ग्रामसभा को मजबूत बनाने के लिए होना चाहिए, न कि उनके विकल्प के रूप में।

पंचायतों की प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता बढ़ाना योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष है। इसके अंतर्गत लगभग 32 लाख निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायत कर्मचारियों और संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण में विकास योजनाओं का निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल प्रणालियों का उपयोग, विभागीय समन्वय और विकास कार्यों के प्राक्कलन जैसे सामान्य तथा तकनीकी विषय शामिल होंगे।

पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता और जवाबदेही ग्रामीण सुशासन के लिए आवश्यक है। वर्तमान में अनेक पंचायतें सरकारी अनुदानों पर निर्भर हैं। इसलिए उन्हें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का विवेकपूर्ण उपयोग करने के साथ स्थानीय करों, शुल्कों और सामुदायिक संपत्तियों से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ऑनलाइन लेखांकन, लेखा-परीक्षण और वित्तीय जानकारी सार्वजनिक करने पर विशेष बल है। प्रतिवर्ष 2.55 लाख से अधिक ऑनलाइन लेखा-परीक्षण योजनाओं को सहायता देने का लक्ष्य है।

योजना का महत्व सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में भी बढ़ जाता है। वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को लगभग 4.35 लाख करोड़ रुपये के अनुदान की सिफारिश की गई है। इतनी बड़ी वित्तीय सहायता का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब पंचायतों में योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन और निगरानी की पर्याप्त क्षमता हो।

हालांकि, योजना के क्रियान्वयन में चुनौतियां भी हैं। देश की पंचायतों की सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक परिस्थितियां अलग-अलग हैं। अनेक पंचायतों में कर्मचारियों की कमी, कमजोर इंटरनेट सुविधा और डिजिटल जानकारी का अभाव है। इसलिए केवल डिजिटल मंच उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं होगा। नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करना होगा। साथ ही, विभागीय समन्वय और पंचायतों की स्वायत्तता के बीच संतुलन बनाए रखने तथा महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना गांवों को सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भर न मानकर अपने विकास की दिशा निर्धारित करने वाली सक्षम इकाइयों के रूप में स्थापित करने का अवसर देती है। मजबूत पंचायतें, प्रशिक्षित जनप्रतिनिधि, पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था और जागरूक नागरिक ही ग्राम स्वराज की आधारशिला हैं। जब पंचायतें अधिकारों और संसाधनों से सशक्त होंगी तथा ग्रामीण समुदाय विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएगा, तभी ग्राम स्वराज की परिकल्पना सार्थक होगी और विकसित भारत की नींव गांवों से मजबूत होगी।

(लेखक ग्रामीण विकास विभाग में सहायक प्रोफेसर इग्नू, नई दिल्ली हैं।)

शिवाला तेजा सिंह मंदिर



पाकिस्तान के सियालकोट स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन शिवाला तेजा सिंह मंदिर का 50 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया गया। वर्ष 1992 में बाबरी ढांचे के विध्वंस के बाद कट्टरपंथियों ने इसे बम से उड़ा दिया था। विभाजन के बाद से उपेक्षित इस मंदिर के स्तंभ, छत, फर्श और भित्तिचित्रों को पुराने स्वरूप में संवारा गया। शिवलिंग, नंदी और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर मंदिर हिंदू समाज को समर्पित किया गया।

सोशल मीडिया से ...

- सोरोस जज होंगे और राहुल गांधी जी, मैं कांग्रेस कार्यालय में आपसे बहस करने को तैयार हूँ। आइए, खुली बहस कीजिए, क्योंकि संसद में तो आप मेरे खड़े होते ही सदन से चले जाते हैं। आपमें और मुझमें केवल एक अंतर है - आप गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत से आते हैं, जबकि मैं अपने परिवार का पहला सांसद हूँ। हिम्मत दिखाइए और बहस के लिए सामने आइए।

■ डॉ. निशिकांत दुबे, सांसद

- राहुल गांधी की स्थिति अब ऐसे रॉकेट जैसी हो गई है, जिसका बारूद पहले ही समाप्त हो चुका है। यह तथाकथित 'युवा' अब कभी लॉन्च नहीं होने वाला।


■ योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उप्र

- अखिल भारतीय छात्र संघ (AISA) की अध्यक्ष नेहा बोरा का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें वे यह कहती हुई दिखाई दे रही हैं कि मंदिरों में ब्राह्मण महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि पुजारी मंदिरों में दुष्कर्म करते हैं। नेहा बोरा का यह बयान शर्मनाक है। विचारधारा चाहे कोई भी हो, समस्त मंदिरों और सभी पुजारियों को कटघरे में खड़ा करने तथा उन्हें बदनाम करने का प्रयास निंदनीय है।

■ रजत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो० लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ० प्र० 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न०-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।

रिस्क की वजह से किंग बने शाहरुख



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने हाल ही में 2 नवंबर को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उन्होंने दिल्ली से निकलकर जिस तरह मायानगरी मुंबई और दुनियाभर में स्टारडम हासिल किया, उनकी जिंदगी का वह सफर किसी प्रेरणादायक कहानी से कम नहीं है। आज वह सिर्फ एक एक्टर नहीं, बल्कि एक ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनके नाम की गूंज कई देशों में सुनाई देती है। कोई उन्हें SRK कहता है, तो कोई उन्हें बादशाह बुलाता है, तो कोई किंग कहता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी जीतोड़ मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है, लेकिन अगर उनके जीवन पर नजर डालें तो पता चलता है कि उन्होंने अपने जीवन में कुछ ऐसे रिस्की फैसले भी लिए, जिनकी वजह से वो यहां तक पहुंचे। चलिए नजर डालते हैं शाहरुख द्वारा लिए गए 5 रिस्की फैसलों पर।

टीवी छोड़ फिल्मों में किस्मत आजमाना

शाहरुख ने अपने करियर की शुरुआत 'फौजी' टीवी शो से की थी। कुछ सालों तक वो टीवी की दुनिया का हिस्सा रहे और फिर 1992 में उन्होंने 'दीवाना' से फिल्मों में डेब्यू किया। उस समय छोटे पर्दे से बड़े पर्दे का रुख करना आज के दौर की तरह आसान नहीं था, लेकिन फिर भी कई सारे टीवी शोज करने के बाद भी उन्होंने बॉलीवुड में नए सिरे से शुरुआत की।

विलेन का किरदार चुनना

जहां शुरुआती दौर में लोग हीरो वाले किरदार की तलाश में रहते हैं, विलेन का रोल करने से बचते हैं, ऐसे में शाहरुख ने 'बाजीगर' और 'डर' जैसी फिल्मों में इस तरह के नेगेटिव किरदार निभाए, जिसे बाकी एक्टर्स ने इसलिए रिजैक्ट कर दिया था कि कहीं नेगेटिव रोल करने से उनकी हीरो वाली इमेज को नुकसान न पहुंचे। इस तरह का रोल करना शाहरुख के हीरो बनने के सफर में रिस्की हो सकता था, लेकिन उसी फैसले ने उन्हें बाजीगर बना दिया।

DDLJ के राज को स्वीकार करना

पर्दे पर नेगेटिव रोल के जरिए ही शाहरुख छा गए थे। वो अपना करियर उसी दिशा में आगे बढ़ा सकते थे, लेकिन उन्होंने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (DDLJ) जैसी रोमांटिक फिल्म स्वीकार की। ऐसा संभव हो सकता था कि दर्शक उन्हें रोमांटिक रोल में कुबूल न करते, लेकिन इस फिल्म ने तो उन्हें रोमांस का सुपरस्टार बना दिया। DDLJ न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी खूब देखी गई।

स्टारडम पाने के बाद भी अलग-अलग तरह की फिल्में करना

शाहरुख खान एक ऐसे एक्टर हैं, जिन्होंने स्टारडम पाने के बाद भी, सुपरस्टार बनने के बाद भी, हमेशा अलग-अलग तरह की फिल्में चुनी। न वह नेगेटिव रोल पर टिके रहे और न सिर्फ रोमांटिक फिल्मों तक सीमित रहे। वो कभी 'स्वदेस' में NASA के साइंटिस्ट बने तो कभी 'चक डे इंडिया' में हॉकी कोच। उन्होंने कभी 'रा.वण' बनाई तो कभी 'जीरो' में छोटे कद के आदमी का रोल किया। यानी वह हमेशा एक्सपेरिमैंट करते रहे। कुछ दफा एक्सपेरिमैंट फेल भी हुए, लेकिन वो हारे नहीं।

प्रोडक्शन हाउस और VFX स्टूडियो

शाहरुख जितने बेहतरीन एक्टर हैं, उतने ही अच्छे बिजनेसमैन भी हैं। जहां कई एक्टर सिर्फ एक्टिंग तक सीमित रहते हैं, तो वहीं उन्होंने 2002 में अपनी पत्नी गौरी के साथ मिलकर प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमैंट की शुरुआत की। आज के समय में यह कंपनी न सिर्फ एक प्रोडक्शन हाउस है बल्कि एक VFX कंपनी भी है। इसके अलावा शाहरुख ने कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी IPL टीम भी खरीदी। प्रोडक्शन कंपनी खोलना समेत IPL फ्रेंचाइजी जैसे फैसले उनके लिए रिस्की भी हो सकते थे, लेकिन रिस्क ने SRK को किंग बना दिया।

सिर्फ अच्छी फिल्म मायने रखती है: श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड में जहां हर फिल्म के साथ कमाई और रिकॉर्ड की चर्चा शुरू हो जाती है, वहीं कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जिनके लिए बॉक्स ऑफिस से ज्यादा कहानी मायने रखती है। ऐसी ही सोच रखती हैं एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर। 'स्त्री' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीतने वाली श्रद्धा इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'ईठा' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर में उनका बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिला है। अब ट्रेलर लॉन्च के दौरान एक्ट्रेस ने बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड और फिल्में चुनने को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि वह कभी कमाई के आंकड़ों को ध्यान में रखकर फिल्में नहीं चुनतीं।



फिल्म 'ईठा' के ट्रेलर लॉन्च इवैंट में श्रद्धा कपूर ने कहा कि उन्हें कभी ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने कोई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ा है या कोई बड़ा कारनामा किया है। उनके लिए सबसे जरूरी बात यह है कि फिल्म अच्छी हो और उसकी कहानी दर्शकों को पसंद आए। श्रद्धा ने कहा, 'मैं कभी नहीं सोचती कि मैंने कोई रिकॉर्ड तोड़ा है या बॉक्स ऑफिस पर कुछ बड़ा किया है। मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। मेरे लिए अच्छी फिल्म मायने रखती है। यही वजह है कि कभी-कभी मैं दो साल में एक फिल्म करती हूं।'

एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि वह फिल्मों को महिला या पुरुष प्रधान के नजरिए से नहीं देखतीं। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री को अच्छी कहानियों की जरूरत है और ऐसी कहानियां बननी चाहिए। फिल्मों को महिला और पुरुष के आधार पर बांटना एक छोटी सोच है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सफलता कई बार को-इंसिडेंस पर निर्भर करती है और यह किसी एक इंसान के हाथ में नहीं होती। वह 'ईठा' का हिस्सा बनकर खुश और गर्व महसूस कर रही हैं। श्रद्धा कपूर की आने वाली फिल्म 'ईठा' एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। फिल्म में श्रद्धा महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के जीवन पर आधारित है, जिसने कई मुश्किलों का सामना करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। महाराष्ट्र की पारंपरिक कला तमाशा और लावणी पर आधारित इस फिल्म में संगीत, डांस और एक कलाकार के संघर्ष को दिखाया जाएगा। श्रद्धा के साथ मोहम्मद जीशान अय्यूब और सिद्धार्थ जाधव भी अहम रोल्स में नजर आएंगे। फिल्म के निर्माता दिनेश विजान और लक्ष्मण उतेकर हैं। इसे मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशंस के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म का संगीत अजय-अतुल ने तैयार किया है।

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी 'ईठा' 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में श्रद्धा का बदला हुआ अंदाज देखने के बाद फैंस भी उनकी इस नई भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। अब देखना होगा कि विठाबाई की यह कहानी बड़े पर्दे पर दर्शकों को कितना प्रभावित करती है। आपको बता दें कि विठाबाई नारायणगांवकर का जन्म 1 जुलाई 1935 को महाराष्ट्र के पंढरपुर में हुआ था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही तमाशा की दुनिया में कदम रख दिया था। उनके डांस, गाने और कहानी सुनाने के अंदाज को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे। अपनी कला के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। लोग उन्हें 'तमाशा सम्राज्ञी' के नाम से बुलाते थे। उनकी कला और योगदान को याद रखने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने साल 2006 में उनके नाम से विठाबाई नारायणगांवकर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड शुरू किया था। 15 जनवरी 2002 को 66 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

भावना को हैं उम्मीदें

इस साल 'भूत बंगला' (2026) और 'हैवान' (2026) जैसी फिल्मों में नजर आई मॉडल, थिएटर आर्टिस्ट, एक्ट्रेस और क्लासीकल डांसर भावना पाणि जाने-माने ऐड फिल्ममेकर और एफ.टी.आई.आई से जुड़े रहे उदय शंकर पाणि की बेटी हैं। 6 जुलाई 1985 को मुंबई में पैदा हुई भावना पाणि ने मुंबई के मिठीबाई कॉलेज से साइकोलॉजी में बीए किया। उनकी छोटी बहन देवना एक फैशन डिज़ाइनर हैं। भावना ने केलुचरण महापात्र और बिरजू महाराज से ओडिसी और कथक की ट्रेनिंग ली। इसके अलावा वह बैले और टेरेंस लुईस कंटेम्पररी डांस कंपनी से मॉडर्न डांस में भी ट्रेंड है। वह एक दशक से अधिक समय तक सहारा इंडिया के बड़े प्रोडक्शन 'भारती' में लीड डांसर के तौर पर बतौर परफॉर्मर जुड़ी रहीं। उन्होंने 'सो मेनी सॉक्स' के लिए बैस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का 'महिंद्रा एक्सीलैंस इन थिएटर अवॉर्ड' जीता, लेकिन इसके बावजूद प्रोडक्शन हाऊस, ऑडिशन और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों तक पहुंच बनाने में उन्हें उस शुरुआती संघर्ष से गुजरना पड़ा, जिसका सामना किसी बिल्कुल अनजान कलाकार को करना पड़ सकता है।



भावना ने पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में बनी कन्नड़ फिल्म 'युवराजा' (2001) से अपने करियर की शुरुआत की और उसके बाद उसी साल रिलीज हुई 'तेरे लिए' (2001) से हिंदी फिल्मों में डेब्यू किया। उन्होंने आर. श्रीनिवास द्वारा निर्देशित तेलुगू फिल्म 'निनु चूडका नेनुंडलेनु' (2002) और प्रियदर्शन की मलयालम कॉमेडी फिल्म 'वेत्तम' (2004) में वीणा का किरदार निभाया। 'भूत बंगला' (2026) और 'हैवान' (2026) के बाद भावना को उम्मीद है कि आने वाला वक्त उनका होगा। उनका कहना है कि कलाकार को पहले समझना चाहिए कि वह अपने चुने हुए क्षेत्र में क्यों है। यानी बाहरी मान्यता की तलाश से पहले अपने काम के पीछे का उद्देश्य तलाशना जरूरी है।

साई पल्लवी को चाहिए जीवनसाथी में ये खूबियां



अमिताभ बच्चन ने साई से पूछा कि वह अपने होने वाले लाइफ पार्टनर में कैसी खूबियां देखना चाहेंगी? इस पर अभिनेत्री ने कहा, 'सबसे पहले उसे एक अच्छा इंसान होना चाहिए। वह बहुत ज्यादा खुद में खोया रहने वाला नहीं होना चाहिए। उसे अपने बारे में सोचने और अपने कामों का आकलन करने की समझ होनी चाहिए।' साई ने आगे कहा, 'अगर उससे कोई गलती होती है तो उसे सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वह अपनी गलती का जिम्मेदार किसी दूसरे को ठहराए। मेरी ऐसी कोई बहुत लंबी लिस्ट नहीं है, बस वह अच्छा इंसान होना चाहिए। और अगर उसे खाना बनाना भी आता हो तो और अच्छी बात है।'

दिवाली के मौके पर रणबीर कपूर-साई पल्लवी की 'रामायण' रिलीज हो रही है। मूवी के प्रमोशन में स्टार जुटे हैं, इसी के तहत तीनों केबीसी के सेट पर पहुंचे। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में साई पल्लवी के साथ अमिताभ बच्चन काफी प्यार से पेश आए, जिसे देखकर अदाकारा भावुक हो गईं। अदाकारा ने उनसे पार्टनर में क्या क्वालिटी होनी चाहिए उसके बारे में भी बात की।

लाइफ पार्टनर में कैसी खूबियां चाहती हैं साई पल्लवी?

केबीसी 18 में बातचीत के दौरान अमिताभ बच्चन ने साई पल्लवी से उनकी जिंदगी के साथी को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने पूछा कि वह अपने होने वाले लाइफ पार्टनर में कैसी खूबियां देखना चाहेंगी? इस पर अभिनेत्री ने कहा, 'सबसे पहले उसे एक अच्छा इंसान होना चाहिए। वह बहुत ज्यादा खुद में खोया रहने वाला नहीं होना चाहिए। उसे अपने बारे में सोचने और अपने कामों का आकलन करने की समझ होनी चाहिए।' साई ने आगे कहा, 'अगर उससे कोई गलती होती है तो उसे सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वह अपनी गलती का जिम्मेदार किसी दूसरे को ठहराए। मेरी ऐसी कोई बहुत लंबी लिस्ट नहीं है, बस वह अच्छा इंसान होना चाहिए। और अगर उसे खाना बनाना भी आता हो तो और अच्छी बात है।'

आपकी उम्र बढ़ नहीं घट रही है

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी उम्र बढ़ती जा रही है, तो खूबियों की लिस्ट लंबी हो रही है, जो मिलेगा नहीं। इसलिए कुंवारी ही सही हूं। जिस पर अमिताभ बच्चन ने कहा कि आपकी उम्र बढ़ नहीं घट रही है और आप खूबसूरत हैं। इसके साथ ही कहा कि जिन लड़कों में ऐसे गुण है, वो साई पल्लवी से संपर्क कर सकते हैं।

अमिताभ बच्चन ने साई पल्लवी को दिया पानी, भावुक होकर लगाया गले

'कौन बनेगा करोड़पति 18' के नए एपिसोड में अमिताभ बच्चन साई पल्लवी को पानी का गिलास देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वह अभिनेत्री से कहते हैं, 'बैठे रहिए।' बिग बी का यह अंदाज देखकर साई पल्लवी पहले थोड़ी हैरान होती हैं। वह रणबीर कपूर की तरफ भी देखती हैं। इसके बाद उनकी आंखों में भावुकता नजर आती है और वह अपनी सीट से उठकर अमिताभ बच्चन को गले लगा लेती हैं। अमिताभ बच्चन का यह व्यवहार सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। साई पल्लवी और बिग बी के इस खूबसूरत पल को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में पलक-इब्राहिम

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला इब्राहिम की तरफ से लिया गया। इतना ही नहीं, दोनों के साथ होने वाले कुछ शूट भी या तो रद्द कर दिए गए हैं या फिलहाल रोक दिए गए हैं...





पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान अक्सर एक-दूसरे के साथ स्पॉट किए गए हैं। खबरों के मुताबिक दोनों 3 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन अब खबरें सामने आ रही हैं कि दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं।

क्या है पूरी खबर?

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला इब्राहिम की तरफ से लिया गया। इतना ही नहीं, दोनों के साथ होने वाले कुछ शूट भी या तो रद्द कर दिए गए हैं या फिलहाल रोक दिए गए हैं। हालांकि, अभी तक पलक और इब्राहिम में से किसी ने भी इस खबर पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

पोर्टल से बातचीत में एक सूत्र ने बताया कि दोनों के अलग होने की असली वजह के बारे में किसी को जानकारी नहीं है। हालांकि, उनका ब्रेकअप आपसी सहमति से हुआ है। दोनों इस मामले को सार्वजनिक नहीं करना चाहते हैं। फिलहाल पलक और इब्राहिम अपना पूरा ध्यान अपने-अपने करियर पर लगाना चाहते हैं।

कैसे शुरू हुई थी पलक और इब्राहिम के अफेयर की चर्चा?

पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान के अफेयर की खबरें साल 2022 में सामने आई थीं। दोनों को पहली बार मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर साथ देखा गया था। इस दौरान पलक पैपराजी से अपना चेहरा छिपाती नजर आई थीं। इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं।

समय के साथ दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया। यहां तक कि दोनों के साथ छुट्टियां मनाने की खबरें भी सामने आईं। हालांकि, पलक और इब्राहिम ने कभी भी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया। अब दोनों के अलग होने की खबरों ने एक बार फिर उनके रिश्ते को चर्चा में ला दिया है।

संक्षिप्त समाचार

निसान का दिवाली धमाका मैग्नाइट- ग्रेवाइट पर फ्री मिल रही सीएनजी किट



नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने अपने ग्राहकों को मैग्नाइट और ग्रेवाइट के चुनिंदा संस्करणों पर सीएनजी रेट्रोफिटमेंट (किट) की सुविधा देने की घोषणा की है। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध होगा। मैग्नाइट के चुनिंदा संस्करणों पर सीएनजी रेट्रोफिटमेंट की लगात 74,999 रुपये और ग्रेवाइट पर 85,999 रुपए होगी। कंपनी ने बुधवार को बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत इन रेट्रोफिटमेंट किट्स में स्टैंडर्ड वारंटी के साथ-साथ तीन साल या एक लाख किलोमीटर की तीसरे पक्ष की वारंटी भी मिलती है। निसान ग्रेवाइट में इस सेगमेंट का पहला 'स्मार्ट ट्विन-सिलेंडर सीएनजी समाधान' (2 गुणा 25 लीटर) दिया गया है। इसे इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि गाड़ी की 7-सीटर क्षमता और रोजमर्रा के इस्तेमाल की सुविधा पूरी तरह बनी रहे। यह ऑफर 16 नवंबर 2026 तक उपलब्ध है।

पीएनबी और केनरा बैंक ने बदली एफडी ब्याज दरें



नई दिल्ली। यदि आप सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। देश के प्रमुख सरकारी बैंकों, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और केनरा बैंक ने हाल ही में अपनी एफडी ब्याज दरों में बदलाव की घोषणा की है, जिससे ग्राहकों को आकर्षक रिटर्न मिलने की उम्मीद है। केनरा बैंक ने 2 नवंबर से अपनी एफडी दरों में 15 बेसिस पॉइंट तक की बढ़ोतरी की है। बैंक की 555 दिन की स्पेशल एफडी पर आम ग्राहकों को अब 6.75 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.25 फीसदी ब्याज मिलेगा। वहीं, 444 दिन की एफडी पर आम ग्राहकों को 6.65 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.15 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। तुलनात्मक रूप से, केनरा बैंक की दरें अधिक लुभावनी हैं।

रोडिक ने की बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ की पहल की घोषणा

नई दिल्ली। रोडिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को भारत के बुनियादी ढांचे और संबद्ध क्षेत्रों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डीप-टेक और प्रौद्योगिकी आधारित समाधान विकसित करने वाले स्टार्टअप, संस्थापकों, शोधकर्ताओं और शैक्षणिक टीमों का समर्थन करने के लिए 200 करोड़ रुपये की कॉर्पोरेट उद्यम पहल की घोषणा की। इसमें रोडिक ने 100 करोड़ रुपये और एंजेल फंड, वेंचर कैपिटल फर्मों, एंजेल निवेशकों और अति धनाढ्य व्यक्तियों से जुटाए जाने वाले अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये शामिल होंगे।

उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी : सेंसेक्स आधा फीसदी उछला

आईटी कंपनियों में हावी रही बिकवाली

■ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स आधा फीसदी की बढ़त में बंद हुआ, हालांकि आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स करीब 65 अंक गिरकर 76,853 अंक पर खुला, लेकिन तुरंत हरे निशान में आ गया। दोपहर होते-होते कुछ देर के लिए एक बार फिर यह लाल निशान में गया, लेकिन बाद में 383.55 अंक (0.50 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 77,301.40 अंक पर बंद हुआ जो 26 अगस्त के बाद का इसका अधिकतम स्तर है। बीच कारोबार में यह ऊपर 77,396.04 अंक और नीचे 76,604.85 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 149.75 अंक यानी 0.63 प्रतिशत ऊपर 23,960.60 अंक पर पहुंच गया। यह गत 01 सितंबर के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। वृहत बाजार में भी सभी सूचकांक ऊपर रहे।



निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.42 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक दो फीसदी की बढ़त में रहा। सेक्टर आधारित सूचकांकों में निफ्टी मीडिया सबसे अधिक 5.15 प्रतिशत उछल गया। आईटी की 1.50 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक 2.80 प्रतिशत, रियल्टी 2.85 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह का सूचकांक 2.04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, रसायन और सीमेंट सेक्टरों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत तक चढ़े। एनएसई में जिन 3,704 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,720 के शेयर हरे निशान में और 883 के गिरावट में रहे। अन्य 101 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया निक्केई 1.42 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट 2.16 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 1.67 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.43 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.05 प्रतिशत ऊपर था।

21 कंपनियों में तेजी, बीएचईएल का शेयर 4.5 प्रतिशत से ज्यादा उछला

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में तेजी रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 4.56 फीसदी और टाइटन का 4.28 फीसदी चढ़ा। इंडिगो में 2.39 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 2.38, आईटीसी में 2.32, अडानी पोर्ट्स में 2.30 और बजाज फिनसर्व में 2.09 प्रतिशत की मजबूती रही। टाटा स्टील का शेयर 1.93 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.72, एचडीएफसी बैंक का 1.55, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.03 और भारतीय स्टेट बैंक का 0.95 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। मारुति सुजुकी, पावरग्रिड, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। टीसीएस ने सबसे अधिक 2.70 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

एनएलएमसी की ई-नीलामी का दूसरा चरण सफल

आरआईएनएल के 114 भूखंड बिके, सरकार को मिले 218 करोड़

■ नई दिल्ली

राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के भूखंडों की ई-नीलामी का दूसरा चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। एनएलएमसी वित्त मंत्रालय के लोक उद्यम विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है। यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और अन्य सरकारी संस्थाओं के पास उपलब्ध अधिशेष भूमि एवं भवन परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण की जिम्मेदारी संभालती है।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि दूसरे चरण में 114 भूखंडों की सफलतापूर्वक बिक्री हुई, जिससे कुल 218 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। इन भूखंडों का कुल आरक्षित मूल्य 184.8 करोड़ रुपये था। सफल बोलियां कुल आरक्षित मूल्य से 17.96 प्रतिशत अधिक रहीं। दूसरे चरण में सबसे ऊंची सफल बोली 1,82,650 रुपये प्रति वर्ग गज दर्ज की गई, जबकि किसी एक भूखंड के आरक्षित मूल्य की तुलना में सर्वाधिक प्रीमियम 67.65 प्रतिशत रहा।

पहले चरण में एनएलएमसी ने 150 भूखंडों की सफलतापूर्वक नीलामी की थी, जिससे कुल 366.33 करोड़ रुपये की सफल बोली राशि प्राप्त हुई थी। इन भूखंडों का कुल आरक्षित मूल्य 312.48 करोड़ रुपये था। सफल बोलियां आरक्षित मूल्य से औसतन 17.23 प्रतिशत अधिक रहीं। इस दौरान नीलामी की सबसे ऊंची कीमत 1.80 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से अधिक रही। ई-नीलामी के दोनों चरणों के पूरा होने के साथ ही कुल 264 भूखंडों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। इनसे कुल 584.33 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जबकि इनका संयुक्त आरक्षित मूल्य 497.29 करोड़ रुपये था।

मंत्रालय की ओर कहा गया है कि इस साल 12 अक्टूबर और 03 नवंबर को एक महीने के भीतर ई-नीलामी के दोनों चरणों का सफलतापूर्वक संपन्न होना एनएलएमसी के लिए एक महत्वपूर्ण परिचालन मानक स्थापित करता है। इससे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) और सरकारी संस्थाओं की अधिशेष भूमि तथा अन्य अचल परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण से जुड़े इसी प्रकार के लेन-देन संचालित करने की उसकी क्षमता और मजबूत हुई है।

सोने-चांदी की कीमतों में फिर तेजी

■ सोना 4800 रुपये चढ़कर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम व चांदी 1.93 लाख रुपए प्रति किलो रही

■ मुंबई

दिल्ली में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में बुधवार को जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। त्योहारी खरीद में तेजी और वैश्विक बाजारों में मजबूत उछाल से सर्राफा दरें बढ़ीं। दिल्ली में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 4,800 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 9,000 रुपये



उछलकर 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, सोने का यह भाव मंगलवार के 1,41,800 रुपये के समापन स्तर से बढ़ा है। इसमें सभी कर शामिल हैं। चांदी भी पिछले सत्र के 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 1,93,000 रुपये हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत सुधार से सोने को समर्थन मिला। घरेलू बाजार में त्योहारी मांग में भी सुधार हुआ है। यह सुधार त्योहारी मौसम की तैयारी कर रहे खरीदारों को राहत दे सकता है। सोना अक्तूबर के अपने उच्चतम स्तर से करीब 8 फीसदी गिर चुका था। उन्होंने हालिया मूल्य सुधार का कारण मजबूत अमेरिकी डॉलर को बताया।

भारत का सेवा क्षेत्र चमका : तेज हुईं गतिविधियां

पीएमआई चार महीने के उच्चतम स्तर 55.8 पर पहुंचा

■ मुंबई

उत्पादन और बिक्री दोनों में मजबूती आने से देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर तेजी देखी गई। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर 2026 में 55.8 पर पहुंच गया। सितंबर में यह 55.2 पर था। यह चार महीने का उच्चतम स्तर है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना वृद्धि की दर्शाता है। वहीं, 50 से नीचे का स्तर गिरावट और 50 का



स्तर स्थिरता का संकेत है।


भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि करोबारी परिस्थितियों में लगातार सुधार के कारण यह वृद्धि संभव हो सकी है। हालांकि घरेलू मांग मजबूत बनी रही, लेकिन विदेशों से मिलने वाले नए ऑर्डर फरवरी 2023 के बाद के न्यूनतम स्तर पर रहे। उन्होंने बताया कि रोजगार के अवसर भी जून के बाद सबसे धीमी गति से बढ़े हैं। लागत और उत्पाद मूल्यों में वृद्धि जरूर देखी गई है, लेकिन इसकी रफ्तार सितंबर से कम रही। विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े 02 नवंबर को जारी किए गए थे। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का संयुक्त सूचकांक सितंबर के 55.9 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 56.2 प्रतिशत पर पहुंच गया। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाली कंपनियों ने बताया कि उत्पादन बढ़ने के पीछे मुख्य कारण नये ऑर्डरों में वृद्धि है। न सिर्फ ओवरऑल बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, बल्कि इसकी रफ्तार भी इस साल जून के बाद सबसे अधिक है। ऑर्डर बढ़ाने में मांग की अनुकूल परिस्थिति, नये क्लाइंटों का बनना और सफल प्रचार अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिक्री में वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू बाजार के दम पर हुई है। कंपनियों की लागत में वृद्धि लगभग नगण्य रही है। यह फरवरी 2026 के बाद सबसे कमजोर वृद्धि है।

म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर की भूमिका और उसकी सीमाएं

■ सीमित सलाह दे सकते हैं डिस्ट्रीब्यूटर, पूरी वित्तीय योजना के लिए पंजीकृत सलाहकार चुनें

■ नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर और पूर्ण वित्तीय सलाहकार की भूमिकाओं को लेकर निवेशकों में अक्सर भ्रम रहता है। इसे दूर करने के लिए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने हाल ही में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद निवेशकों को सही जानकारी देना और उन्हें अपनी वित्तीय योजनाओं के लिए सही व्यक्ति चुनने में मदद करना है, खासकर सोशल मीडिया पर सलाह की बढ़?ती भरमार के बीच। एक म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर का प्राथमिक काम निवेशकों को उनकी जरूरतों, निवेश अवधि और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार उपयुक्त म्यूचुअल फंड



स्कीम चुनने में मदद करना है। वह केवाईसी अपडेट करने और बैंक खाते बदलने जैसे प्रशासनिक कार्यों में भी सहायता कर सकता है। हालांकि, एएमएफआई ने स्पष्ट किया है कि डिस्ट्रीब्यूटर की सलाह केवल म्यूचुअल फंड तक सीमित है, यह किसी निवेशक की पूरी वित्तीय योजना का हिस्सा नहीं है। व्यापक वित्तीय योजना (जिसमें घर खर्च, बच्चों की शिक्षा, बीमा और रिटायरमेंट जैसे कई पहलू शामिल हैं) के लिए आपको सेबी-पंजीकृत निवेश सलाहकार से संपर्क करना जरूरी है। एएमएफआई ने सोशल मीडिया पर म्यूचुअल फंड से जुड़ी जानकारी देने वाले डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए भी सख्त नियम बनाए हैं। वे बिना निवेशक की व्यक्तिगत जरुरत और जोखिम को समझे किसी खास स्कीम की सीधी सिफारिश नहीं कर सकते और न ही भविष्य के रिटर्न का अनुमान लगाकर दावा कर सकते हैं। साथ ही, उन्हें अपनी पहचान और एएमएफआई पंजीकरण नंबर (एआरएन) स्पष्ट रूप से बताना अनिवार्य है। निवेशकों को सलाह है कि वे किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर का एआरएन अवश्य जांचें और निवेश का फैसला हमेशा अपनी व्यक्तिगत जरूरतों, लक्ष्यों और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर ही करें, न कि केवल एजेंट की सलाह या सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी पर।

स्विगी की बड़ी पहल : मंत्री गडकरी की मौजूदगी में हुआ ऐलान

25 इंस्टामार्ट केंद्रों पर शुरू हुई बैटरी बदलने की सुविधा

■ नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने और लास्ट-माइल डिलीवरी को किफायती बनाने के लिए अपने 25 इंस्टामार्ट केंद्रों पर बैटरी बदलने की सुविधा शुरू की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में कंपनी ने कल यहां आयोजित ईवी मोबिलिटी सम्मेलन के दौरान इन पहलों की घोषणा की। इस पहल के तहत कंपनी ने इन केंद्रों से ही डिलीवरी पार्टनर्स को किराये पर इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। 'पावरिंग द लास्ट माइल' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में ईवी निर्माता, चार्जिंग एवं बैटरी स्वैपिंग सेवा प्रदाता, वाहन किराया कंपनियां, वित्तीय संस्थान और डिलीवरी पार्टनर्स शामिल हुए।



स्विगी के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक तथा ग्रुप सीईओ श्री हर्ष मजेटी के अनुसार, डिलीवरी पार्टनर्स अपने ऑर्डर लेने के लिए दिन में औसतन करीब 20 बार इंस्टामार्ट पॉइंट्स पर आते हैं। ऐसे में वहीं बैटरी बदलने और ईवी किराये पर लेने की सुविधा मिलने से उन्हें वाहन चार्ज कराने या लेने के लिए अलग से आने-जाने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी के ऐप पर 50 से अधिक रेंटल और ईवी इकोसिस्टम पार्टनर्स उपलब्ध हैं। डिलीवरी पार्टनर्स दैनिक, साप्ताहिक और मासिक आधार पर वाहन किराये पर ले सकते हैं और इसका भुगतान उनके डिलीवरी पे-आउट से काटा जा सकता है।

गडकरी ने ईवी कंपनियों और डिलीवरी पार्टनर्स का किया सम्मान

श्री गडकरी ने इस दौरान ईवी अपनाने वाले डिलीवरी पार्टनर्स और इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देने वाली कंपनियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिन प्रमुख कंपनियों को सम्मानित किया गया उनमें इंडोफास्ट एनर्जी, युलु, बाउंस डेली, राइडईवी, बाज़ बाइक्स, मोटोवोल्ट, शैडोफैक्स, बीगॉस ऑटो, वीलो मोबिलिटी, हाला मोबिलिटी और युमा एनर्जी शामिल हैं। मंत्री ने स्विगी की द्विपहिया इलेक्ट्रिक वाहन चलाने वाली टीम के सदस्यों को हेलमेट भी वितरित किये और उन्हें बराबर द्विपहिया वाहन चलाने की हिमायत दी।

वित्तीय बाजार में सुधार के लिए समिति गठित

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रौद्योगिकी तथा अन्य बुनियादी ढांचों में बदलावों के अनुरूप वित्तीय बाजारों में सुधार पर विचार के लिए एक तकनीकी परामर्श समिति का गठन किया है। आरबीआई में वित्तीय बाजार नियामक विभाग के प्रभारी डिप्टी गवर्नर इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। उनके अलावा समिति में सात अन्य सदस्यों को नामित किया गया है। इनमें सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण, फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शमशेर सिंह और एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक नीरज गंभीर शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक में ट्रेजरी एवं आर्थिक अनुसंधान के प्रमुख शैलेंद्र झिंगन, सिटीबैंक इंडिया के प्रबंध निदेशक आदित्य बागरी, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक नंद किशोर और मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंध निदेशक रिधम देसाई को भी समिति का सदस्य बनाया गया है।

दिल्ली घरेलू थोक जिंस बाजार में तेजी बरकरार

शकर, गेहूं व चावल के दाम बढ़े, दालों व खाद्य तेलों में घटबढ़

■ नई दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चीनी की कीमतों में तेजी जारी रही। शकर के साथ चावल और गेहूं के भाव भी चढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 5,553 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गुड़ की कीमत 5,993 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रही। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 26 पैसे बढ़कर 59.75 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 4,382 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 13 रुपये महंगा







हुआ और 2,938 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे का भाव पांच गिर गया।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल सात रुपये और चना दाल छह रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत सात रुपये बढ़ गई। मूंग दाल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज पाम ऑयल का जनवरी वायदा 55 रिंगिट टूटकर 4,496 रिंगिट प्रति टन रह गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.21 प्रतिशत गिरकर 64.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 40 रुपये और सरसों तेल की 20 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। पाम ऑयल 13 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत तीन रुपये और सूरजमुखी तेल की दो रुपये गिर गई। वहीं, सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे।

दाल-दलहन : दाल चना 8,670.69 रुपये, मसूर काली 8272.10 रुपये, मूंग दाल 10565.07 रुपये, उड़द दाल 11725.34 रुपये, तुअर दाल 12507.77 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2937.70 रुपये और चावल 4381.60 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3378.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 5553.41 रुपये और गुड़ 5993.49 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19857.28 रुपये, मूंगफली तेल 20051.69 रुपये, सूरजमुखी तेल 18256.71 रुपये, सोया तेल 15896.28 रुपये, पाम ऑयल 14519.17 रुपये और वनस्पति 15958.91 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

दिसंबर में चार प्रमुख सेडान और एसयूवी गाड़ियों की होगी एंट्री

■ नई दिल्ली

आगामी दिसंबर महीने में भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में चार प्रमुख सेडान और एसयूवी गाड़ियों की एंट्री होने जा रही है। ये गाड़ियां अपने-अपने सेगमेंट में नए फीचर्स और आधुनिक तकनीक के साथ ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सूची में नई जनरेशन टोयोटा फॉर्च्यूनर, फॉक्सवैगन वर्टस फेसलिफ्ट, होंडा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी और जेएसडब्ल्यू कॉम्बैट प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी शामिल हैं। टोयोटा 1 दिसंबर 2026 को नई जनरेशन फॉर्च्यूनर का वैश्विक अनावरण करने वाली है, जिसकी



भारत में बिक्री अगले साल शुरु होगी। नई फॉर्च्यूनर का डिजाइन नई हाइलक्स से प्रेरित होगा, जिसमें बड़ी फ्रंट ग्रिल, स्लिम हेडलैंप और कनेक्टेड एलईडी टेललैंप मिलेंगे। इसके केबिन में बड़ी टचस्क्रीन, डिजिटल क्लस्टर और अडास सुरक्षा तकनीक दी जाएगी।

इसमें 2.8-लीटर टर्बो-डीजल माइल्ड हाइब्रिड इंजन मिलने की उम्मीद है। वहीं, फॉक्सवैगन अपनी लोकप्रिय सेडान वर्टस का फेसलिफ्ट मॉडल दिसंबर में ला सकती है, जिसमें नई ग्रिल, 360-डिग्री कैमरा और 1.0-लीटर इंजन के साथ नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिल सकता है। इलेक्ट्रिक वाहन श्रेणी में होंडा 2 दिसंबर 2026 को अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी के प्रोडक्शन मॉडल को दुनिया के सामने पेश करेगी। यह जीरो अल्फा कॉन्सेप्ट पर आधारित होगी और इसमें 65 से 75 किलोवाट-घंटे का बड़ा बैटरी पैक मिल सकता है। बाजार में इसका सीधा मुकाबला महिंद्रा बीई 6, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और मारुति सुजुकी ई-विटारा से होगा।